


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 243

ग्वालियर, मंगलवार, 26 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### बीएसएफ का दायरा बढ़ाने के मुद्दे पर सीएम चन्नी ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, सिद्धू भी रहेंगे मौजूद

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार को बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने के मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री चन्नी ने प्रधानमंत्री मोदी से सरहद के पास बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को लेकर 11 अक्टूबर की अधिसूचना से पहले यथास्थिति बहाल करने की मांग की है। मुख्यमंत्री चन्नी ने प्रधानमंत्री से इस मुद्दे पर बैठक के लिए समय देने की अपील की है। हालांकि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से नवजोत सिंह सिद्धू के इस्तीफे की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन वह 25 अक्टूबर को होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगे।

### आईआईटी गुवाहाटी, कम लागत वाला एक अनूठा पदार्थ विकसित कर रहा

**गुवाहाटी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी कम लागत वाला एक अनूठा पदार्थ विकसित कर रहा है जो जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विखंडित करने के लिए सूर्य की रोशनी का उपयोग कर सकता है। हाइड्रोजन को एक स्वच्छ, अधिक ऊर्जा वाला ईंधन माना जाता है, जिसका भंडारण किया जा सकता है और जरूरत के मुताबिक इस्तेमाल किया जा सकता है। जल से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिए यह पदार्थ विकसित होने पर कार्बन-मुक्त हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ सकते है। अनुसंधान दल के मुताबिक स्वच्छ ऊर्जा विकसित करने में विश्वव्यापी कोशिशों को जीवाश्म ईंधन का भंडार तेजी से घटने के कारण भी बल मिला है। जीवाश्म ईंधन पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। आईआईटी गुवाहाटी के रसायन विभाग के प्राध्यापक मोहम्मद कुरैशी ने कहा, ''1839 में एंडमंड बेक्क्रैरेल द्वार फोटोवोल्टिक प्रभाव की खोज के बाद , सौर ऊर्जा को रासायनिक ईंधन में परिवर्तित किये जाने की प्रक्रिया ने इसके प्रति वैज्ञानिकों की रूचि जगाई है। सौर ऊर्जा को आज सर्वाधिक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा माना जाता है। कुरैशी ने बताया कि फोटो इलेक्ट्रो केमिकल सेल जल जैसे सामान्य एवं सुरक्षित यौगिकों को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विखंडित करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं।

### लालू के बयान पर कांग्रेस की सधी टिप्पणी, लालू प्रसाद का सम्मान करते हैं, उपचुनाव का फैसला जनता करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के संदर्भ में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद के बयान को लेकर किसी भी तरह से पलटवार करने से परहेज कर कहा कि वह लालू प्रसाद का सम्मान करती है तथा उपचुनावों में फैसला जनता करेगी। लालू ने सहयोगी के तौर पर कांग्रेस की उपयोगिता पर सवाल उठाकर कहा था कि क्या राजद को विधानसभा उपचुनावों में एक सीट कांग्रेस के लिए छोड़ देनी चाहिए, ताकि वह वहां अपनी जमानत जब्त करा ले। उन्होंने कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास पर भी निशाना साधा था। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, लालू जी देश के वयोवृद्ध नेता हैं और उनका सम्मान करते हैं। हर दल के नेता उनकी ओर देखते हैं और उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। जहां तक उपचुनाव की बात है,तब दोनों सीटों पर (हार-जीत) जनता तय करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य से जुड़े मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपनी प्रतिक्रिया देगी। यह पूछने पर कि सहयोगी दल, कांग्रेस को महत्व क्यों नहीं दे रहे,तब खेड़ा ने कहा, ''कई राज्यों में देखिए, लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उस बारे में हमसे कोई सवाल नहीं किया जाता। लेकिन कहीं किसी ने कुछ कह दिया, तब फिर हमसे पूछा जाता है।'' उन्होंने दावा किया, ''गुजरात में भाजपा के नेताओं की लंबी सूची है, जो कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। गोवा में पूरी आम आदमी पार्टी कांग्रेस में शामिल हो गई। इस बारे में तो चर्चा नहीं होती।''

### अभिनेत्री अनन्या पांडे एनसीबी कार्यालय नहीं पहुंचीं

**मुंबइ।** मुंबई शिप ड्रग्स केस में लपेटे में आई बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अभी तक दो बार पूछताछ कर चुकी है। वहीं अनन्या को सोमवार (25 अक्टूबर) को तीसरी बार एनसीबी के सामने पेश होना था, लेकिन अब उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए कहा कि वे आज पूछताछ में शामिल नहीं हो पाएंगी। दरअसल मुंबई ड्रग्स केस को लेकर अनन्या पांडे भी एनसीबी की रडार पर हैं। एक्ट्रेस से अभी तक दो बार पूछताछ हो चुकी हैं और सोमवार को उन्हें तीसरी बार एनसीबी के सामने पेश होना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

## वेब सीरीज आश्रम की शुटिंग के विरोध की घटना

# एमपी में शूटिंग से पहले फिल्म और वेब सीरीज निर्माताओं से स्क्रिप्ट लेकर देखी जाएगी : गृहमंत्री

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में वेब सीरीज आश्रम-3 की शूटिंग पर मचे बवाल को लेकर राजनैतिक घमासान भी शुरु हो गया है। हालांकि विरोध और हंगामा होने के बाद भी वेब सीरीज की शूटिंग जारी रही। जानकारी के मुताबिक पुरानी जेल में ही रात करीब तीन बजे तक सीरीज के सीन को फिल्माया गया। सुत्र बताते है कि एहतियात के लिये रात को ही प्रमुख कलाकार, कैमरा और अन्य सामान को दूसरी लोकेशन पर शिफ्ट कर दिया गया। वहीं इस मामले में डीआईजी भोपाल इरशाद वली का कहना है कि शूटिंग के दौरान उग्र प्रदर्शन करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, ओर अन्य लोगो की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपियो अभिजीत, जीवन शर्मा, दिलीप और करण के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियो का यह भी कहना है, शुटिंग को लेकर पुलिस से किसी तरह की सुरक्षा नहीं मांगी गई थी, इतना ही नहीं बीते दिन की घटना के बाद भी सुरक्षा नहीं मांगी गई है, फिर भी पुलिस इस पर नजर बनाये हुए है, ओर शूटिंग के बाहर पुलिस टीम तैनात की जायेगी। वहीं हंगामे के बाद प्रकाश झा ने इस मामले में अब तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। वहीं घटना



को लेकर राजनैतिक ब्यानबाजी जंग भी जारी है। शूटिंग के दौरान हुए हंगामे को लेकर पूर्व सीएम ओर कॉग्रेस के सीनीयर लीडर दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस तरह से किसी पर हमला पुलिस की कमजोरी को उजागर करता है, क्या पुलिस को शुंटिग युनिट को संरक्षण नहीं देना चाहिये था। दिग्विजय सिंह पर पलटवार करते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह वो महापुरुष है, जो तालिबानियों के समर्थन में बोलते हैं, आपने हिंदू धर्म से नाता तोड़ लिया हो, लेकिन और भी हिंदू हैं, उनको लगता है, उनके धर्म पर कोई फिल्म बनती है, और चोट करती है, तो उनको रिएक्शन देना होता है। उन्होने आगे कहा कि धर्म, संस्कृति पर चोट करोगे तो चोट का बदला चोट होगा। वहीं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भोपाल में वेब सीरीज आश्रम-3 की शूटिंग के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं के तोड़फोड़ करने के बाद मध्यप्रदेश में शूटिंग की अनुमति को लेकर नई गाइडलाइन बनेगी। ऐसी किसी भी फिल्म की शूटिंग को अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले सीन हों। अब ऐसे किसी भी सीन की शूटिंग से पहले स्क्रिप्ट और जानकारी प्रशासन को देनी होगी। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि आश्रम नाम पर लोगो को आपत्ति है। गृहमंत्री ने उग्र विरोध प्रदर्शन करने की निंदा करते हुए कहा कि प्रकाश झा को भी विचार करना चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ।

# फारूक अब्दुल्ला ने पाक से बात करने की राय दी, पर मेरे लिए कश्मीरी अहम: शाह



### केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा अब डरे नहीं, अब कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता

**श्रीनगर।** कश्मीर के दौरे के आखिरी दिन श्रीनगर में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन करने के बाद पारंपरिक कश्मीरी फेरन पहने गृहमंत्री अमित शाह जब मंच पर बोलने के लिए आए तो उससे पहले ही उन्होंने वहां लगी बुलेटप्रूफ कांच को हटा दिया। बुलेटप्रूफ कांच हटाए जाने के बाद गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों से सीधे बात करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे ताना मारा गया, निंदा की गई, आज मैं आपसे खुलकर बात करना चाहता हूं, यही वजह है कि मेरे पास यहां कोई बुलेटप्रूफ शील्ड या सुरक्षा नहीं है। डॉ फारूक साहब ने मुझे पाकिस्तान से बात करने का सुझाव दिया है लेकिन मैं कश्मीर के युवाओं-यहां के लोगों से बात करूंगा। मुझे यहां के युवाओं से दोस्ती करनी है। कश्मीर के लोग मेरे अपने हैं, मुझे उनकी बात सुननी है। शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कश्मीर के लोगों को इस बात का विश्वास दिलाया कि अब कोई भी ताकत यहां की शांति और जारी विकास योजनाओं को रोक नहीं सकती। उन्होंने पूरे दावे के साथ लोगों से कहा कि अब आप लोग अपने दिन से डर को बाहर निकाल दें। कश्मीर की शांति और विकास को अब कोई नहीं बिगाड़ सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास तेजी से बढ़ेगा। इस प्रक्रिया में किसी को भी खलल डालने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कश्मीर के युवाओं से भी अपील की कि वे भी कश्मीर के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि आज मैं कश्मीर के युवाओं से यही अपील करने आया हूं कि जिन्होंने आपके हाथ में पत्थर पकड़ाए थे, उन्होंने आपका क्या भला किया जिन्होंने आपके हाथ में हथियार पकड़ाए थे, उन्होंने आपका क्या भला किया उन्होंने अपने स्वार्थ के लिए कश्मीर के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। आज नया कश्मीर आपके सामने है। उन्होंने कहा आज 30,000 लोग लोकतांत्रिक तरीके से कश्मीर के लोगों के प्रतिनिधि बन गए हैं। मैं कश्मीर के युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में शामिल होने और कई स्तरों पर जनप्रतिनिधि बनने का आह्वान करता हूं। गृहमंत्री अमित शाह ने यह घोषणा भी की कि जम्मू और कश्मीर में 20,000 से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दी गई है।

# विधानसभा में अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगी शिवराज सरकार

### नवंबर-दिसंबर में चार-पांच दिन का होगा शीतकालीन सत्र

### बिजली उपभोक्ताओं को अनुदान, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार सहित अन्य योजनाओं के लिए होंगे वित्तीय प्रविधान

**भोपाल।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र नवंबर के अंतिम या दिसंबर के प्रथम सप्ताह में होगा। इसमें सरकार मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट (अनुमान) प्रस्तुत करेगी। वित्त विभाग ने इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसमें मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार, किसान व घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अनुदान सहित अन्य योजनाओं के लिए वित्तीय प्रविधान किए जाएंगे। संसदीय कार्य विभाग ने शीतकालीन सत्र के लिए प्रस्ताव तैयार कर



लिया है। इसके तहत नवंबर के अंतिम सप्ताह या दिसंबर के प्रथम सप्ताह में सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त विभाग द्वितीय अनुपूरक बजट के माध्यम से विभिन्न् विभागों को तय बजट के अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने का प्रविधान प्रस्तुत करेगा। विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए लोक निर्माण, नगरीय विकास, ऊर्जा, कृषि, खाद्य नागरिक आपूर्ति, जनजातीय कार्य सहित अन्य विभागों को जरूरत के अनुसार राशि दी जाएगी।

### दो हजार करोड़ रुपये का ऋण लेगी सरकार

वित्त विभाग ने विकास परियोजनाओं के साथ आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए दो हजार करोड़ रुपये का ऋण लेने का प्रस्ताव तैयार किया है। पिछले माह भी दो हजार करोड़ रुपये का ऋण लिया गया था। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रविधान के तहत ऋण लिया जा रहा है। इसके तहत सरकार सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में साढ़े तीन प्रतिशत तक ऋण ले सकती है। केंद्र सरकार ने कोरोना संकट की वजह से प्रभावित आर्थिक गतिविधियों के मद्देनजर सरकार को एक प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी है।

# डेंगू पर प्रहार करें नहीं तो मनवाएगा दिवाली अस्पताल में

### जिस गति से डेंगू बढ़ रहा है उससे बढ़ रही है परेशानी

**भोपाल।** डेंगू जिस गति से बढ़ रहा है उससे यह अनुमान तो लगाया जा सकता है कि कुछ परिवारों की दीपावली अस्पताल में ही मनेगी। शासन प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयास न काफी है। यही कारण है कि डेंगू



तेजी से बढ़ता जा रहा है और मरीज हर दिन निकल रहे हैं। चंद रोज बाद दीपावली का त्योहार डेंगू के कारण फीका होने वाला है। डेंगू जिस गति से बढ़ रहा है उससे साफ है कि यह वर्षो के रिकार्ड तोडने् वाला है। दीपावली का त्योहार नजदीक आ चुका है। इधर डेंगू का प्रहार जारी है। डेंगू के कारण करीब सैकड़ों मरीज अलग-अलग अस्पतालों में इलाज ले रहे हैं। डेंगू पीड़ित मरीजों के स्वजनों के सामने समस्या खड़ी है। वह त्योहार मनाएं या फिर मरीज का इलाज कराएं। आलम यह है कि लोग घर की साफ सफाई और सजावट पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। क्योंकि उनकी जमा पूजीं इलाज लेने में अस्पताल में खर्च हो रही है। शासन प्रशासन का डेंगू की रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान सुस्त पड़ा है और डेंगू मरीज बढ़ते जा रहे हैं। दीपावली के त्योहार पर हर घर में साफ सफाई की जाती है। इस बार साफ सफाई कुछ इस तरह से की जाए कि घर व आसपास के क्षेत्र में साफ पानी को जमा न होने दें। जहां पर साफ पानी जमा हो वहां पर सफाई करें। जहां पर अधिक मात्रा में पानी जमा है वहां पर मलेरिया विभाग को सूचना देकर दवा का छिड़काव कराएं।

# दिल्ली में 27 अक्टूबर से पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान शुरू करेगी केजरीवाल सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली पुलिस और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ आज संयुक्त बैठक की। जिसमें दिल्ली में 27 अक्टूबर से पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान शुरू करने का फैसला किया गया। गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान के जरिए पटाखों को जलाने से लोगों को रोकेगी। लोगों को दिवाली, दीये के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। दिल्ली पुलिस के सभी 15 जिलों में 15 केंद्रीय टीम बनायी जाएंगी। जिसमें करीब 157 सदस्य होंगे। पुलिस के साथ-साथ 33 एसडीम के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है, जो दिल्ली के अंदर अलग-अलग हिस्सों में इस अभियान के तहत कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लघंन मिलने पर पुलिस और एसडीम की तरफ से आईपीसी की संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने अपील की कि दीपावली पर अखबारों में छपने और टीवी पर चलने के लिए जो भी विज्ञापन बन रहे हैं, उसमें दिपावली के प्रतीक के तौर पर पटाखे की जगह दिए का प्रयोग करें। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री श्री गोपाल राय ने सचिवालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा युद्ध प्रदूषण के विरुद्ध अभियान पूरे चलाया जा रहा है। जिसमें एंटी डस्ट अभियान, रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान और पराली को गलाने का अभियान शामिल है। इसके साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण में दिवाली के समय पटाखों के जलने से प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। उसे रोकने के लिए सरकार ने पहले ही यह निर्णय लिया है कि इस बार दिवाली के अवसर पर पटाखे की खरीद-बिक्री और उसे जलाना बैन रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने पुलिस और जिला मजिस्ट्रेट को 28 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया था? कि दिल्ली के अंदर लाइसेंस देना भी बैन है। पिछले साल ग्रीन पटाखों को लाइसेंस दिया गया था। व्यापारियों ने पटाखे खरीद लिए और दुकानों में जमा कर लिए,?लेकिन अंतिम समय पर पटाखे बैन होने से काफी नुकसान हुआ। इसलिए सरकार ने इस बार पहले से ही निर्णय लिया कि हम पटाखे बैन करेंगे। इसलिए किसी को दिल्ली के अंदर लाइसेंस नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस लाइसेंसिंग हेड क्वार्टर की तरफ से 06 अक्टूबर को सभी जिलों में आदेश जारी किए गए कि इस बार इसको बैन रखना है। बैन होने के बावजूद भी कई जगह से यह खबरें आ रही थीं कि कई लोग पटाखों की खरीदी कर रहे हैं। इस जमीनी स्तर पर कैसे लागू किया जाए? और लोगों को कैसे जागरूक किया जाए, इसके लिए आज दिल्ली पुलिस और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की है। जिसमें सभी जिलों के पुलिस प्रतिनिधि और लाइसेंसिंग हेडक्वार्टर ने भाग लिया है।

श्री राय ने कहा कि इस बैठक में फैसला किया कि पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान 27 अक्टूबर से शुरू करेंगे। इस अभियान के दो हिस्से हैं। पहला पटाखे जलाने से लोगों को रोकना और दूसरा आरडब्ल्यूए के साथ पुलिस अधिकारी, एसडीएम के जरिए बैठक कर लोगों को दिवाली दिए के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसलिए इस अभियान को 27 अक्टूबर से शुरू कर रहे हैं। बैठक में फैसला लिया है कि दिल्ली के अंदर सभी जिलों में एक केंद्रीय टीम होगी, जो पटाखा फोड़ने? पर रोक लगाने का काम करेगी। दिल्ली पुलिस के 15 जिले हैं।




## वन-टू-वन

### आईपीएल के अगले सत्र के लिए लगी बोली

**दुबई।** आईपीएल के अगले सत्र 2022 की दो नई टीमों के लिए सोमवार दोपहर को यहां के ताज दुबई होटल में हुई बोली में दस पार्टियां उपस्थित थीं। अहमदाबाद, लखनऊ, कटक, धर्मशाला, गुवाहाटी और इंदौर में से एक शहर के लिए बोली लगाने वाली इन पार्टियों में विश्व के सबसे लोकप्रिय फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के मालिक भी उपस्थित रहे। इसके अलावा संजीव गोयनका के स्वामित्व वाले अडानी समूह और आरपीएसजी समूह भी बोली लगाने वालों में शामिल रहे, हालांकि इस दौरान एक प्रमुख फार्मास्युटिकल कंपनी अनुपस्थित रही, जिसके बारे में पहले काफी बातें की जा रहीं थी। समझा जाता है कि महेंद्र सिंह धोनी के प्रबंधक अरुण पांडे द्वारा प्रवर्तित रीति स्पोर्ट्स ने कटक के लिए बोली लगाई है, हालांकि यह पता चला है कि वह कार्यक्रम स्थल पर थोड़ी देर से पहुंचे और देर से निविदा प्रस्तुत करने के कारण उनकी बोली को अंतत~ स्वीकार नहीं किया गया। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक सभी पार्टियों को संपूर्ण व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी और बोली संबंधी कागजातों को बंद लिफाफे में जमा करने के लिए कहा गया है।

### भारत की हार के पाक प्रशंसकों ने जारी किया 'मौका-मौका' का जवाबी ऐड

**लाहौर।** पाकिस्तान के हाथों टी20 विश्व कप क्रिकेट में पहली बार भारतीय टीम को मिली हार के बाद भारतीय प्रशंसकों के 'मौका-मौका' ऐड का अंत हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग इस बात का जिक्र कर रहे हैं कि अब तो कभी मौका-मौका नहीं आएगा, क्योंकि भारत की हार के साथ ही रिकॉर्ड ही बदल गया है। बता दें कि 2015 विश्वकप के बाद से ही 'मौका-मौका' ऐड लगातार सुर्खियों में बना रहा और भारत-पाकिस्तान का जब भी टी-20 विश्व कप या 50 ओवर विश्वकप में मैच हुआ, तब-तब एक नया मौका-मौका ऐड आया क्योंकि अब तक पाक कभी भी विश्व कप में भारत से नहीं जीता था। वहीं अब जब पाकिस्तान ने विश्वकप में भारत को हरा दिया है, तब पाकिस्तान की ओर से एक जवाबी ऐड आया है। इस ऐड में भारत की हार के बाद भारतीय प्रशंसक निराश दिखाए जा रहे हैं, लेकिन बाद में पाकिस्तान के प्रशंसक आते हैं और उन्हें आंसू पोंछने के लिए टिश्यू देते हैं हालांकि, ये ऐड 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल के समय का है, जो अब वापस ट्रेंड हुआ है। इस ऐड को 'नो इश्यू, ले लो टिश्यू' थीम दी गई है। पहले ही मैच में भारत की हार के बाद सोशल मीडिया पर भी ये ऐड तेज़ी से वायरल हो रहा है।

### अपोलो टायर्स ने भारत में व्रेडेस्टीन ब्रांड उतारा

**नई दिल्ली।** भारत में अपने उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करते हुए अपोलो टायर्स लिमिटेड ने देश में यूरोपीय टायर ब्रांड व्रेडेस्टीन उतारा है। कंपनी का यह उत्पाद महंगी कारों तथा सुपरबाइक खंड की जरूरतों को पूरा करेगा। घरेलू टायर कंपनी की अगले दो साल में इस खंड में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। व्रेडेस्टील श्रृंखला का उत्पादन स्थानीय स्तर पर शुरुआत में कंपनी के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश संयंत्रों में किया जाएगा। कंपनी शुरुआत में इस ब्रांड की बिक्री 'रिप्लेसमेंट' बाजार में करेगी। बाद में कंपनी वैश्विक मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ अपने संबंधों के जरिये इस ब्रांड का मूल उपकरणों में प्रयोग कर सकती है। इस मौके पर अपोलो टायर्स एशिया-प्रशांत, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा, ''व्रेडेस्टीन ब्रांड भारत में यात्री वाहन और दोपहिया खंड में हमारी पेशकश को मजबूत करेगा। टायरों के आयात पर अंकुशों की वजह से भी हम भारतीय बाजार में हाई-एंड कार और मोटरसाइकिलों के लिए व्रेडेस्टीन ब्रांड लाए हैं।'' इस ब्रांड की बिक्री के बारे में उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि डेढ़ से दो साल में हम इस खंड में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सकेंगे।''

### भारत बांड ईटीएफ की किस्त दिसंबर तक ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार भारत बांड ईटीएफ की अगली किस्त दिसंबर तक ला सकती है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सरकार भारत बांड ईटीएफ से दिसंबर तक 10,000 करोड़ रुपये जुटा सकती है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) की वृद्धि की योजना में किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की कोष की जरूरत का आकलन किया जा रहा है और एक्सचेंज ट्रेडेड कोष (ईटीएफ) की तीसरी किस्त को चालू कैलेंडर वर्ष के अंत से पहले पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''अभी हम इस राशि को अंतिम रूप दे रहे हैं। लेकिन यह 10,000 करोड़ रुपये से अधिक होगी।'' भारत बांड ईटीएफ एक एक्सचेंज ट्रेडेड कोष है जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के बांड में निवेश करता है। ईटीएफ फिलहाल सिर्फ 'एएए' रेटिंग वाले बांड में निवेश करता है। ईटीएफ के जरिये जुटाई गई राशि का इस्तेमाल सीपीएसई या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कर्ज जुटाने की योजना में होता है। इससे उनकी पूंजीगत व्यय की जरूरत को भी पूरा किया जाता है। भारत बांड ईटीएफ एक तरह का एक?सचेंज ट्रेडेड फंड हैं। भारत सरकार की विशिष्?ठ कंप?नियों के शेयरों में बांड के नाम पर निवेश किया जाता है। यह बांड भारत सरकार की ट्रि?पल ए रेटिंग वाली कंपनियां होती हैं। जिनमें निवेश पर 6 फीसदी का रिटर्न हासिल होता है।

### पाक क्रिकेटर हसन हुए ट्रोल

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को टी20 विश्व कप क्रिकेट के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली की पत्नी शामिया हसन भी चर्चाओं में रहीं। इसका कारण शामिया का भारतीय होना है। इस दौरान हसन के खराब प्रदर्शन के कारण लोग उनकी पत्नी को ट्रोल करने लग गए। भारत के खिलाफ हसन अली ने भले ही इस मैच में दो विकेट लिए पर वे काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 44 रन दिये। इसके बाद पाक प्रशंसकों ने हसन अली की पत्नी का नाम लेते हुए उन्हें ट्रोल किया।

# न्यूजीलैंड को हराकर जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी पाकिस्तान

### शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मैच



**शारजाह।** भारत के खिलाफ पहले ही मैच में मिली शानदार जीत से उत्साहित पाकिस्तानी क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में अब मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी। इसके अलावा उसका इरादा इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर कीवियों को पाक दौरा रद्द करने का जवाब देना भी रहेगा। न्यूजीलैंड ने इससे पहले पाक दौरे पर पहुंचने के बाद भी सुरक्षा कारणों से अपनी टीम को वापस बुला लिया था। जिससे बाद पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों ओर पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा था कि अब टी20 विश्व कप में कीवी टीम को हराकर उसे करारा जवाब देना होगा। पाक कप्तान बाबर आजम ने भारत पर मिली जीत के बाद अपने खिलाड़ियों से कहा, 'हम यहां सिर्फ भारत को हराने नहीं आए हैं। हम विश्व कप जीतने आए हैं और यह भूलना नहीं है।

वहीं पाकिस्तान के कई पूर्व कप्तानों ने भी टीम को जश्न के खुमार में नहीं डूबने से बचने को कहा है क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए कई मैच जीतने होंगे। न्यूजीलैंड टीम पाक पहुंचने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से पीछे हट गयी थी। इससे विश्व कप के पहले पाक को तैयारियों का अवसर नहीं मिला था। न्यूजीलैंड के दौरे से वापसी जाने के कारण इंग्लैंड ने भी दौरा रद्द कर दिया जिसके लिए भी पाक कीवी टीम को ही जिम्मेदार मानता है। आजम ने इसके बाद दोनों टीमों की आलोचना करते हुए कहा था, 'पाक हमेशा खेल के हित में काम करने की कोशिश करता है पर बाकी टीमें नहीं।% पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके सभी को हैरान किया है। आजम और मोहम्मद रिजवान के अलावा उसके पास फखर जमां, मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास इमाद वसीम, शादाब खान और हफीज के अलावा शाहीन शाह अफरीदी जैसे गेंदबाज हैं। भारत के खिलाफ शाहीन ने घातक गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई थी। अब शाहीन का सामना करना न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। डैथ ओवरों में हारिस रऊफ पाक के लिए काफी उपयोगी साबित हुए। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से अभ्यास मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह दबाव में रहेगी। वहीं अहम बल्लेबाज और कप्तान केन विलिसमसन की फिटनेस भी टीम की परेशानी का कारण है। अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो यह टीम के लिए करारा झटका होगा।

**दोनो टीमें इस प्रकार हैं~**

**न्यूजीलैंड** ~ केन विलियमसप (कप्तान), टॉड एस्टल, ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मार्टिन गुप्टिल, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, टिम सीफर्ट, ईश सोढी, टिम साउदी।

### शोएब अख्तर ने हरभजन पर निशाना साधा

**दुबई।** टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम की हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह पर हमला बोला है। इस मैच से पहले एक शो में हरभजन ने कहा था कि विश्वकप में पाकिस्तान की टीम भारत के सामना कहीं नहीं टिकती है और इसलिए पाक की टीम को भारत से खेले बिना ही हार मान लेनी चाहिये। तब भज्जी ने शोएब अख्तर से कहा था, आप हमारे खिलाफ खेलोगे और फिर हारोगे, क्योंकि बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम की जीत के अवसर नहीं है। हमारी टीम बहुत मजबूत है उड़ा देगी तुमको। वहीं रविवार को पाक टीम की जीत के साथ ही अख्तर ने ट्वीट करके हरभजन से पूछा कि भज्जी अभी भी वॉकओवर चाहिए? नहीं चाहिए? अच्छा चलो, क्या कर सकते हैं यार, रिलैक्स यार, एन्जॉय द डे और बर्दाश्त करो।

## आजम, मिसबाह बोले, जीत के जश्न में डूबने की जगह विश्वकप जीतने पर ध्यान दें खिलाड़ी



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिसबाह उल हक और कप्तान बाबर आजम ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में मिली जीत के बाद कहा है कि खिलाड़ियों को जश्न में ज्यादा नहीं डूबना चाहिये। आजम ने मैच के बाद कहा कि खिलाड़ियों को यहा ध्यान रखना चाहिये कि हम यहां विश्वकप जीतने आये हैं, केवल भारत को हराना ही हमारा लक्ष्य नहीं है। वहीं मिसबाह ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्व कप जीतने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। मिसबाह ने कहा, 'उम्मीद है कि हम जश्न के खुमार में अधिक नहीं डूबेंगे और यह नहीं भूलेंगे कि हमें और भी मैच खेलने हैं और विश्व कप जीतना है। मिसबाह ने कहा कि टीम ने बेहद अनुशासित प्रदर्शन करके भारत को दस विकेट से हराया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'अब इसी अनुशासन को आगे भी बनाए रखना होगा। हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका निभानी है। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट में यह चलन रहा है कि जीत का खुमार हावी हो जाता है। उन्होंने कहा, 'यह पहला ही मैच था और हमें अभी दूसरी मजबूत टीमों से भी खेलना है। हमने आज भारत को हरा दिया तो इसका यह मतलब नहीं है कि हम यह मान लें कि हम न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान को भी हरा सकते हैं। हमें उसके लिए मेहनत करनी होगी। भारत के खिलाफ जीत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी वीडियो में आजम ने भी खिलाड़ियों से यही बात कही। उन्होंने कहा, 'जश्न मनाइए। होटल लौटकर अपने परिवार



के साथ इस पल का मजा लीजिए लेकिन यह नहीं भूलना है कि यह मैच हो चुका है और हमें बाकी मैचों की तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि भारत को हराने के बाद टीम से अपेक्षायें बढ गई हैं और अब अधिक मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि आज रात हर खिलाड़ी इस पल का आनंद लें लेकिन टीम में अपनी भूमिका और बाकी मैचों में अपेक्षाओं को भी याद रखे। हम यहां सिर्फ भारत को हराने नहीं आये हैं बल्कि विश्व कप जीतने आये हैं। यह भूलना नहीं है।

## पाक टीम को लेकर बदली अन्य टीमों की धारणा : नेहरा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा है कि पाकिस्तान टीम ने टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले ही मैच में जिस प्रकार का प्रदर्शन कर भारतीय टीम को हराया है, उससे सभी का ध्यान उसपर गया है। पाक टीम विश्व कप के इतिहास में पहली बार भारतीय टीम से जीती है। नेहरा ने कहा, जो लोग पहले से ही पाक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लायक नहीं मान रहे थे अब उनकी धारणा भी बदलेगी। उनके पूल में तीन मजबूत टीमें भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हैं हालांकि टी20 में कोई भी किसी को भी हरा सकता है। जिस तरह से पाकिस्तान जीता है, लोग उस पर ध्यान देंगे ही। वहीं खेल में ओस के प्रभाव के बारे में नेहरा ने कहा, ओस कारक और पिच बल्लेबाजी करने के लिए बेहतर हो गई, पाक खिलाड़ियों ने इसका पूरा फायदा उठाया। इसलिए आपको बस आज पाकिस्तान के खेलने के तरीके की तारीफ करनी होगी।

वहीं विराट कोहली की कप्तानी के बारे में मैं केवल इतना कहूंगा कि वह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लगातार दो ओवर (पावरप्ले में) दे सकते थे पर कप्तान के लिए भी यह आसान नहीं है क्योंकि पहले तीन ओवरों में कोई विकेट नहीं था, इसलिए उन्होंने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी आजमाया जो एक्स-फैक्टर हो सकते थे पर वह शमी के पास वापस गए और फिर छठा ओवर भुवनेश्वर कुमार को दिया।

### शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन वैश्विक स्तर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई में आये उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.43 अंक करीब 0.24 फीसदी की बढ़त के साथ ही 60,967.05 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 10.50 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी बढ़कर 18,125.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी की तेजी आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, डॉ. रेड्डीज, एसबीआई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा के शेयर मुख्य रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, बजाज ऑटो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और मारुति के शेयर नीचे आये हैं। बाजार जानकारों के अनुसार एशियाई बाजारों से प्राप्त मिले-जुले रुख के बीच ही घरेलू बाजार आज सुबह गिरावट के साथ खुले पर इसके बाद दोपहर में निवेशकों की भारी खरीदारी (लिवाली) से बाजार में तेजी आई।



### गोयल ने एटीयूएफ योजना की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार में सुगमता, निर्यात और रोजगार को बढ़ावा देकर भारतीय कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना (एटीयूएफएस) की समीक्षा की। कपड़ा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। कपड़ा मंत्री गोयल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित पांचवीं अंतर मंत्रालयी संचालन समिति (आईएमएससी) की बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, कपड़ा उद्योग संघों और बैंकों के साथ योजना की समीक्षा की।

## आस्ट्रेलिया ने 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को सैद्धांतिक मंजूरी दी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने सोमवार को घोषणा की कि 2050 तक निवल शून्य (नेट जीरो) कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए सरकार की गठबंधन साझेदार का समर्थन हासिल करने के लिए समझौते के तहत कैबिनेट में नेशनल पार्टी ऑफ ऑस्ट्रेलिया के पांचवें मंत्री को शामिल किया जाएगा। लक्ष्य के प्रति रविवार को बैठक में प्राप्त हुआ, नेशनल पार्टी ऑफ ऑस्ट्रेलिया यानी द नेशनल्स का सैद्धांतिक समर्थन प्रधानमंत्री मॉरिसन के लिए बड़ी सफलता है। मॉरिसन स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए अधिक महत्वाकांक्षी योजना बनाना चाहते हैं। द नेशनल्स के सांसदों ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है कि उन्होंने लक्ष्यों के प्रति समर्थन देने के लिए क्या शर्तें रखी हैं। मॉरिसन की कैबिनेट इन शर्तों पर विचार कर रही है ।नेशनल्स के नेता बार्नबी जॉयस ने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या पार्टी ने संसाधन मंत्री कीथ पिट को नेशनल्स का पांचवां कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग की थी। बाद में मॉरिसन ने कहा कि पिट उनकी कैबिनेट में शामिल होंगे। पिट ऑस्ट्रेलिया के दशकों तक कोयला खनन जारी रखने के समर्थक हैं। मॉरिसन ने कहा ?कि मंत्री पिट संसाधन क्षेत्र में एक शक्तिशाली आवाज हैं और वह यह सुनिश्चित करने के लिए भी अहम हैं कि हम नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था और महत्वपूर्ण खनिजों संबंधी अवसरों का दोहन करते हुए पारंपरिक निर्यात में ऑस्ट्रेलिया की ताकत बढ़ाएं।

### लचीली अर्थव्यवस्था के लिए निष्पक्ष और मजबूत ऑडिट जरूरी: दास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि एक लचीली अर्थव्यवस्था के लिए निष्पक्ष और मजबूत ऑडिट व्यवस्था जरूरी है, क्योंकि इससे नागरिकों में भरोसा पैदा होता है। दास ने नेशनल एकेडमी ऑफ ऑडिट एंड अकाउंट्स में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑडिट देश के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सार्वजनिक व्यय के फैसले इन्हीं रिपोर्ट पर आधारित होते हैं। उन्होंने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पहले से अधिक आर्थिक फैसले किए जा रहे हैं, इसलिए गलत जानकारी के चलते अपेक्षा से कमतर निर्णय हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऑडिट की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है और इसलिए रिजर्व बैंक ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों के ऑडिट में सुधार के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की सलाह से कई कदम उठाए हैं। दास ने कहा ?कि आरबीआई मानक में सुधार के

## स्पाइसजेट 31 से शुरू करेगी 28 नई उड़ानें




**गुरुग्राम।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट 31 अक्टूबर से अपने घरेलू नेटवर्क पर 28 नई उड़ानें शुरू करने जा रही है। एयरलाइन अपने नए शीतकालीन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में राजस्थान के जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर और उदयपुर के पर्यटन स्थलों को प्रमुख महानगरों और शहरों से जोड़ने वाली कई नई नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी। इनके लिए बुकिंग खुल चुकी हैं। स्पाइसजेट की मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा, ÷त्योहारों के मौसम की शुरुआत और अवकाश यात्रा की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, हमने अपने यात्रियों के लिए देश भर से राजस्थान के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है। राजस्थान सर्दियों के दौरान देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक है। मांग में सुधार के साथ स्पाइसजेट अधिक नई उड़ानें शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो यात्रा और पर्यटन को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा। स्पाइसजेट बागडोगरा को अहमदाबाद, कोलकाता को श्रीनगर से भी जोड़ेगी और बेंगलुरु-पुणे सेक्टर में दो नई उड़ानें जोड़ेगी।

### लास वेगास में पिकासो की 11 कलाकृतियां 10 करोड़ डॉलर में बिकी

**लास वेगास।** मशहूर चित्रकार पाब्लो पिकासो के 140वें जन्मदिन के मौके पर लास वेगास में हुई एक नीलामी में उनकी 11 कलाकृतियां संयुक्त रूप से 10 करोड़ 90 लाख डॉलर में बिकी हैं। नौ पेंटिंग और दो सेरामिक की कृतियां बेलाजियो गैलरी ऑफ फाइन आर्ट में पिकासो रेस्तरां में दो दशक से अधिक समय तक प्रदर्शित की गई। इसके बाद मालिक एमजीएम रिसॉर्ट्स ने इस साल की शुरुआत में इन्हें बेचने का फैसला किया। कंपनी ने पहली बार अपने न्यूयॉर्क बिक्रीकक्ष से बाहर उत्तरी अमेरिका में नीलामी का आयोजन किया, जिसमें पिकासो की 1917 से 1969 तक की कलाकृतियां शामिल रहीं। आयोजकों ने कहा कि नीलामी लगभग 45 मिनट तक चली और लगभग 150 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया, जिनमें से कुछ सोने के फ्रेम वाली कुर्सियों पर बैठे थे। पिकासो का जन्म 1881 में हुआ था और वह 1973 तक जीवित रहे। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन फ्रांस में बिताया। कहा जाता है कि एक कलाकार के रूप में 70 से अधिक वर्षों के दौरान पिकासो ने 13,000 से अधिक पेंटिंग बनाईं।

### उद्योग ने विकास को बढ़ावा देने लेदर पार्क योजना की मांग की

**नई दिल्ली।** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने सरकार से उत्पादन बढ़ाने के लिए एक लेदर पार्क योजना लाने का आग्रह किया। परिषद को यह उम्मीद है कि कई बड़े ब्रांड और निर्माता, भारत से इसकी खरीद बढ़ा सकते हैं। सीएलई के एक वष्ठि अधिकारी ने यह भी कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का लाभ चमड़ा क्षेत्र को भी दिया जाना चाहिए।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**मुंबई)।** सप्ताह के पहले दिन पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी नहीं हुई। लोगों के लिए यह राहत भरा सोमवार रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 107 रुपए के ऊपर चल रह है। लगातार पांच दिन दाम बढ़ने के बाद आज नहीं बढ़े। हालांकि डीजल भी कई शहरों में 110 रुपढ के पार पहुंच चुका है और पेट्रोल 120 के करीब आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल 107.59 रुपढ प्रति लीटर पर और डीजल 96.32 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। आखिरी बार 5 सितंबर को दाम कम किए गए थे, तब देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल 15 पैसे तक सस्ता हुआ था। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 107.59 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 96.32 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 113.46 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.38 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से तीन की मौत, विधायक ने शोकाकुल को बंधाया ढांढस

भिण्ड। ऊमरी थाना क्षेत्र के अमरसिंह के पुरा में 11 केव्ही लाइन से एक बैलगाड़ी में सवार तीन लोगों की करंट लगने से मौत हो गई वहीं दो बैल भी हादसे का शिकार हो गये। जिसके बाद सभी के शव पुलिस जिला चिकित्सालय लेकर पीएम के लिए पहुंची, जिसकी सूचना जैसे ही सदर विधायक संजीवसिंह कुशवाह को लगी तो वह भी परिजन के बीच पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया और मौके पर तुरंत राहत राशि दिलाई, इसके साथ ही परिजनों ने कहा शासन-प्रशासन से जो भी होगा परिजनों को हर संभव मदत दिलाई जाने का आश्वासन दिया है।

### महिला ने कराया दहेज एक्ट का मामला दर्ज

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम परसाला में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी है, पुलिस ने मामले की जांच उपरांत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अंजलि पत्नी प्रदीप दौहरे निवासी परसाला ने बताया 20 सिंतबर दोपहर 3.30 बजे दहेज प्रताड़ना को लेकर महिला ने थाने में शिकायती आवेदन दिया है जिसमें बताया कि पति प्रदीप, ससुर रामबाबू, अनीता, रामलखन एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दहेज की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मां ने बेटे को डांटा तो रूठ कर घर से चला गया, 24 घंटे बाद लौटा

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के मुकेश सोनी का मकान वार्ड क्र.13 निवासी एक किशोर मां के फटकार ने से भाग गया, परिजनों ने उसकी काफी तलाश की जिसके बाद भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरु कर दी, जिसके कुछ घंटों बाद शिवम घर पहुंच गया। पुलिस के अनुसार रविवार शाम 5 बजे राजेश पुत्र हाकिम चौहान निवासी विदुपुरा थाना सेवढ़ा ने बताया उसका लड़का शिवम उम्र 16 वर्ष जिसे मां ने डांट दिया था, जिसके बाद बिना बताये घर से चला गया, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरु तो 24 घंटे गुजरने के पहले वह घर वापस आ गया।

### हारजीत का दांव लगाते हुए दो जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र पचेरा रोड दैपुरिया कॉलेज के बगल से जुआरी हारजीत का दांव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी व 1 हजार 620 रुपये जब्त किये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर जुआरियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर 3.15 बजे क्षेत्र के पचेरा रोड दैपुरिया कॉलेज के पास जुआरी दांव लगा रहे थे, सूचना मिलते ही घेराबंदी कर प्रमोद कुमार कुशवाह पुत्र देशराज, सूरज उर्फ सोनू पुत्र रामकिशोर कुशवाह निवासीगण इकहारी मेहगांव को दबोच लिया और कुछ जुआरी मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे, पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुरा में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज किया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गंभीर पुत्र स्वयंवर गुर्जर उम्र 22 वर्ष निवासी धनौली ने बताया रविवार प्रातः11 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी विश्म्भरसिंह बघेल, रामसेवक, मायाराम, एक अज्ञात निवासीगण हीरापुरा ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी।

### मिट्टी के दिए बेचने वालों को कलेक्टर दिया बढ़ावा

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा है कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत मिट्टी के दिए बेचने वालो से किसी भी प्रकार की बसूली न करें एवं ध्यान रहे कि उनको दिए बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो एवं मिट्टी के दियों को बढावा दिया जाए। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आदेश जारी कर कहा कि दीपावली के त्यौहार पर कुम्हार एवं जिले के ग्रामीणों आदि द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में इस त्यौहार पर विक्रय हेतु लाया जाता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दीए को विक्रय किए जाने हेतु बाजारों में आने वाले कुम्हार/ ग्रामीणों आदि को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत क्षेत्रों में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली न की जाये। साथ ही मिट्टी के दीए के उपयोग को प्रोत्साहित भी किया जाये।

### विधुत लाईनों को समुचित रूप से व्यवस्थित करायें : कलेक्टर

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अधीक्षण यंत्री, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं. भिण्ड को स्पष्टीकरण जारी कर कहा है कि भिण्ड जिला अंतर्गत ऊमरी थाना क्षेत्र में झूलते तारों की वजह से करंट लगने के कारण 03 लोगों की मौत हुयी, जिसके कारण विभाग तथा जिले की छवि धूमिल हुयी है, झूलते हुये तारों को पूर्व से संबंधित अधिकारियों द्वारा समुचित रूप से व्यवस्थित कराया जाना था, क्यों नहीं कराया गया इस दुर्घटना हेतु यदि कोई जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी हो तो इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही साथ मृत व्यक्तियों को मुआवजा प्रदान किये जाने तथा भविष्य में इस प्रकार की कोई पुनरावृत्ति नहीं हो क्या कार्यवाही की जायेगी।

# सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण में अधिकारी तेजी लाये-कलेक्टर

**समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न**



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने टीएल बैठक में लंबित शिकायतो की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन अधिकारियों ने सीएम हैल्पलाईन की लंबित षिकायतों के निराकरण में प्रगति नहीं लाई गई है, वे एक सप्ताह के अन्तर्गत षिकायतो के निराकरण में गति लायें। बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर बरूण अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा के अलावा अन्य अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में कहा कि जिन अधिकारियों के द्वारा सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों में प्रगति नहीं लाई है वे एक सप्ताह के अन्तर्गत लंबित शिकायतो का निराकरण करना सुनिश्चित करें। अगली बैठक में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान नगर पालिकाओं के द्वारा अच्छे कार्य के लिए एसडीएम मेहगांव केबी विवेक व नगरीय निकायो के सीएमओ को बधाई देते हुए कहा कि अन्य अधिकारी भी इसी तरह से शिकायतो के निराकरण में मे तेजी लाए, जिससे लंबित षिकायतो का ग्राफ गिरकर नीचे आ जाए। बैठक में एलडीएम द्वारा कैम्प लगाकर लोन वितरण के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके यहां जो लोन प्रकरण लंबित है, उनको एलडीएम से चर्चा कर कैम्पो में प्रकरण प्रस्तुत करें, ताकि स्वीकृत किये गये लोनो के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया जा सके। इसी तरह सभी एसडीएमगणों को भी एलडीएम द्वारा लगाए जा रहे लोन वितरण कैम्पो में सहयोग करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोन प्रकरण निराकरण कराने में सहयोग करने को कहा। उन्होंने उज्जवला योजनान्तर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि कैम्प लगाकर गैस एजेंसियों के संचालको को बुलाकर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्षन वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा किइस संबंध में आपूर्ति अधिकारी गैस एजेंसी के संचालको की बैठक आयोजित करें और 15 नवम्बर 2021 तक की गई कार्यवाही से अवगत कराये।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सामाजिक न्याय विभाग के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की पेंशन को अप्रैल 2021 से वर्तमान तक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार को दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के मौटे अनाज के उपार्जन हेतु पंजीयन कराये गये है। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारो को पंजीयनो का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए थे जो अभी तक नहीं किये गये है। सभी एसडीएम मौके पर जाकर किसानों द्वारा किये गये पंजीयनो का भौतिक सत्यापन कर वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। भौतिक सत्यापन कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# एई ने ऊमरी थाने में दिया आवेदन, 11 केव्ही सुल्तानसिंह पुरा के पंप फीडर में कटिया डालकर करंट डालने से घटित हुई घटना

### जांच के लिए थाना प्रभारी से मिले सहायक प्रबंधक, पुलिस ने जांच का दिया आश्वासन




भिण्ड। मप्रमक्षेविविकंलि वितरण केन्द्र ऊमरी में पदस्थ सहायक प्रबंधक एमआर सिद्धीकी ने ऊमरी थाने में थाना प्रभारी विनयसिंह तोमर को आवेदन जिसके माध्यम से बताया कि गत 5-6 दिन पूर्व 19 अक्टूबर 2021 को बारिश होने के कारण 11 केव्ही सुल्तानसिंह का पुरा पंप लाइन के नहर पर खंबा टेडे एवं गिरने के कारण लाइन नीची हो गई थी, इसलिए उसके जम्फर माताचरण राजावत अकुशल श्रमिक के द्वारा धनसिंह राजावत मेहताब सिंह राजातव के ट्यूबेल के पास की डीपी से काट दिये गये थे, कृषि संबंधित उपभोक्ताओं पर बकाया राशि होने के कारण लाइन कटी रखी गई थी, कि कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाये। रविवार समय लगभग 7.20 बजे पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उक्त लाइन में कटिया डालकर करंट डाल दिया गया। जबकि उक्त लाइन पूरी तरह से बंद कर तीना तार बांध दिये गये थे, जिससे उसमें किसी भी प्रकार का करंट प्रभावित न हो, जिससे गुजरने वाले लोहपीटा जन का परिवार बैलगाड़ी से निकल रहे थे, उसके तार में डलझने से करंट लग गया और मौके पर एक पुरुष, एक महिला, एक बच्ची दो बैलों की मृत्यु हो गई, जबकि उक्त लाइन कटी हुई थी एवं सुल्तानसिंह का पुरा पंप फीडर सुबह 7 बजे से बंद था संभवता किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लाइन में कटिया डालने से करंट आया है, जिस कारण उक्त घटना घटित हुई। इसलिए थाना प्रभारी से उक्त मामले की पूरी जांच कराकर कार्रवाई करने की की बात कही, जिस पर थाना प्रभारी ने एई को आश्वासन दिया है।

# बैलगाड़ी पर सवार होकर जा रहा था परिवार बिजली के तार चपेट में आने से झुलसे

### मृतकों के परिजनों को उर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता



भिण्ड। ऊमरी थाना अंतर्गत एक परिवार बैलगाड़ी पर सवार होकर नुन्हाटा से ऊमरी आ रहा था तभी बैलगाड़ी सवार दंपती और उनकी 6 साल की बेटी बिजली के तार की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग झुलस गए। घटना में दोनों बैलों की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिजली के 11 केवी के तार जमीन से चार से पांच फीट ऊंचाई पर झूल रहे थे। घटना ऊमरी इलाके की है। लोहपीटा (खानाबदोश) परिवार बैलगाड़ी से नुन्हाटा पंचायत के मजरा अमर सिंह का पुरा जा रहा था। बैलगाड़ी पर गृहस्थी का सामान भी था। ऊमरी पुलिस के मुताबिक, हादसे में बैलगाड़ी चला रहे श्याम सिंह, उसकी पत्नी चिरैया और छह साल की बेटी की भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बैलगाड़ी सवार श्याम सिंह की मां केताबाई (85) और एक रिश्तेदार कप्तान सिंह गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी भिंड के रहने वाले हैं। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीएम फुलपगारे ने बताया कि मृतकों के परिवार को अंत्येष्टि के लिए 10-10 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता रेडक्रॉस से दी जा रही है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार रात आठ बजे का है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। उधर, सूचना के बाद अमर सिंह का पुरा गांव के लोग भी मौके पर आ गए। नुन्हाटा, ऊमरी समेत आस पास क्षेत्र में रहने वाले लोहपीटा समाज के लोग मौके पर आ गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पीएम के लिए भिजवा दिया है। श्याम सिंह के तीन बच्चे हैं, जिनमें से दो बच्चे चौपक (9), करिश्मा (5) का ताऊ राजू सिंह से अत्यधिक लगाव है। इसलिए वे पिता के साथ न जाकर उनके पास ही रुक गए थे। इस कारण यह बच्चे हादसे का शिकार होने से बच गए। रास्ते में लटके बिजली के तारों के संबंध में जांच की जा रही है। फिलहाल, बिजली काट दी गई है। साथ ही सोमवार को विभाग से बिजली के टूटे तारों को सही कराया जाएगा। विगत दिवस नुन्हाटा गांव में करंट की चपेट में आने से हुई तीन लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने विद्युत विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि देने एवं लापरवाही बरतने वाले विद्युत कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देष दिए है। उर्जा मंत्री श्री तोमर विद्युत लाईन की चपेट में आने से तीन लोगों की आकस्मिक मृत्यु पर दुख प्रकट किया है।

# नकली घी एंव मावा बनाने वाला बडा कारखाना पकड़ा



### कारखाने में मशीनों से नकली घी और मावा बनाने का चल रहा था कारोवार

मेहगांव। दीपावली को ध्यान में रखते हुए नकली मावा घी बालों पर कार्रवाई करने निर्देश दिया गया ताकि कोई जनहानि ना हो इसी अभियान के तहत सोमवार को थाना प्रभारी सुरेश शर्मा थाना गोरमी एसडीएम मेहगांव विवेक के बी नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे फूड स्पेक्टर रेखा सोनी एवं अवनीश गुप्ता के द्वारा मुखबिर की सूचना पर से ग्राम प्रतापपुरा में विक्रम सिंह पुत्र जयराम सिंह नरवरिया के कब्जे से करीब 7 कट्टा दूध पाउडर हाइड्रोजन पराक्साइड ,माल्टो पाउडर आधा कट्टा ,नकली घी बनाने की मशीन जप्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापपुरा महेंद्र पुत्र श्रीलाल नरवरिया के यहां से करीब 2 कुंटल माबा महेश सिंह पुत्र जयराम सिंह नरवरिया के यहां से करीब ढाई कुंटल नकली माबा बन्ना पुत्र गंगा सिंह नरवरिया के यहां से करीब एक क्विंटल मावा मिला। आरोपी गणो के विरुद्ध धारा 420 272 273 आईपीसी के तहत कार्रवाई शुरू, पूर्व में भी इनके मिलावटी मावा के अक्टूबर 2020 में सेंपल भरे गए थे वो नकली निकले, ए डी एम न्यायालय में प्रकरण चल रहा हैं, टीआई सुरेशचंद्र शर्मा की लगातार धमाके दार कार्यवाही से मिलावटी माफिया, अबैध कारोवारियो मे हडकंप मचा हुआ है। गोरमी थाना क्षेत्र मे लगातार मिलावटी माफियाओं की नकेल कसने मे सुरेश शर्मा की मेहनत रंगलाई धीरे धीरे क्षेत्र मे अबैध कारोवारियो का सफाया करने मे गोरमी पुलिस अब्बल काम कर क्षेत्र वासियो के दिलो दिमाग मे चर्चा का विषय सावित हुई है। क्षेत्र वासियो की बात पर भरोसा करे तो सुरेश शर्मा ने थाने का प्रभार संभालते ही एक के बाद एक बडे बडे धमाके किये हैं। बर्षो से जमे नकली कारोवार के कारखानो को ध्वस्त कर आमजन को राहत की सांस प्रदान की है।

# चंबल कमिश्नर ने अटल एक्सप्रेस वे हेतु वर्चुअल के माध्यम से दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश



भिण्ड । ग्वालियर एवं चंबल संभाग कमिश्नर आशीष सक्सेना ने अटल एक्सप्रेस-वे हेतु भूमि अधिग्रहण, चिन्हांकन एवं सीमांकन के संबंध में वर्चुअल माध्यम से बैठक ली। साथ ही बैठक में उन्होंने शासकीय भूमि के एवं निजी भूमि के प्रकरण दर्ज कितने हुए और बांकी प्रकरण दर्ज कब तक हो जायेंगे इस संबंध में तहसीलदार एवं पटवारी से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, वर्चुअल रूप से जुडे जिले के एसडएमगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारीगण उपस्थित थे।

कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के सभी प्रकरणों में नोटिस जारी कर दिए जाएं। ग्रामवार कैंप आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अर्जित की जाने वाली प्रभावित निजी भूमि के मूल्य से समतुल्य दोगुनी राशि की सरकारी भूमि प्रभावित व्यक्तियों को दी जाए। परिसंपत्तियों के मूल्य से दोगुनी राशि भू-स्वामियों को दी जाए। परियोजना क्षेत्र के संबंधित पटवारी जमीन का कब्जा देने की कार्रवाई करें। इसके पूर्व शासकीय भूमि के प्रकरण तथा निजी भूमि के प्रकरण शीघ्र दर्ज कराने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि वो गांव जिनमें सभी सहमत हैं, वो गांव जिनमें कुछ सहमत हैं कुछ सहमत नहीं हैं, वो गांव जिनमें सभी असहमत हैं इन बिंदुओं की एक सूची तैयार करें। मनरेगा, पंचायत से भूल सुधार के प्रकरण में संबंधित अधिकारी मनरेगा से प्रकरण बनाएं, किसानों की सूची निकल कर उन्हें सारी योजनाओं का लाभ दें।

# विष्फोटक सामाग्री जप्त



भिण्ड। विष्फोटक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना लहार ने मुखविर सूचना पर आरोपी मुन्ताज खांन पुत्र फैजुल्ला खांन उम्र 42 वर्ष नि. वार्ड क्र.05 लहार तथा इकबाल खां पुत्र प्यारे खां उम्र. 41 वर्ष नि. वार्ड.09 बरुअनुपरा लहार के घर प्रथक प्रथक दविश देकर करीब एक लाख रुपये के पटाखें व पटाखों के निर्माण की सामग्री जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रथक- प्रथक धारा 5, 9 (ख) विष्फोटक अधिनियम व धारा 286 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कुशल भदौरिया, एसआई मदन सिंह, एसआई रविन्द्र सेंगर, एसआई पूजा दोहरे, प्रआर. 551 सुनील शर्मा, आर.816 अनिल मिश्रा, आर. 1229 विशाल भदौरिया, आर. 48 जयकुमार, आर. 1215 शैलेन्द्र आर.903 पंकज शर्मा, म. आर.520 नसरीन वानो की सराहनीय भूमिका रही।

## शाह की चेतावनी

जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गृह मंत्री अमित शाह ने शाह ने कहा कि आर्टिकल 370 हटने के बाद प्रदेश में विकास का नया सफर शुरू हुआ है। अब यहां किसी को डरने की जरूरत नहीं है। अब जम्मू के लोगों के साथ भेदभाव नहीं होगा। यही बात शाह ने अपने दौरे के पहले दिन भी कही थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। हम ऐसी स्थिति बनाने चाहते हैं जिससे एक भी व्यक्ति की जान न जाए। आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के लिए निर्माण कार्य शुरू हुए हैं। जम्मू में दो साल के अंदर मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। रविवार को हेलिकॉप्टर पॉलिसी की घोषणा हुई। अब जम्मू के हर जिले में हेलिपैड बनाए जाएंगे। शाह ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के 45 हजार युवा लोगों की सेवा में लगते हैं तो दहशतगर्द कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में निवेश के चलते 5 लाख नए रोजगार पैदा होने वाले हैं। जब हम नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लेकर आए तो इसका मजाक उड़ाया गया। लेकिन 12 हजार करोड़ का निवेश हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में तीन दिन की यात्रा पर पहुंचे हैं। आतंकी घटनाओं के बढने के बीच उनकी कश्मीर यात्रा नरेंद्र मोदी सरकार के आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में हो रही है, जिसके तहत बारी-बारी से 70 केंद्रीय मंत्रियो के जम्मू-कश्मीर पहुंचने का कार्यक्रम चल रहा है। पांच अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद गृह मंत्री की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। जबकि केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में, अमित शाह की यह दूसरी यात्रा है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने से ठीक 40 दिनों पहले जून 2019 में कश्मीर घाटी का दौरा किया था। आंतकी घटना के बीच भी गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि नए जम्मू-कश्मीर का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है और आतंकी घटनाएं सरकार के इरादे नहीं बदल सकती है और ना ही सरकार का रास्ता रोक सकती है। अहम माना जा रहा है। शाह 3 दिन जम्मू-कश्मीर में कई अहम बैठकें करेंगे। शाह के दौरे को घाटी में हालिया आतंकी गतिविधियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले 15 दिनों में अलग-अलग घटनाओं में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों की टारगेट किलिंग कर रही है। हाल की घटनाओं में 11 लोग मारे गए हैं। वहीं, सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों को जवाब देने के लिए पूरी घाटी में ऑपरेशन क्लीन चला रखा है। पिछले 15 दिनों में कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों के साथ 11 मुठभेड़ों में 17 आतंकी मारे गए हैं। वहीं 9 जवान भी शहीद हुए हैं। शाह इस दौरे से आतंकियों को मैसेज भी देना चाहते हैं। उन्होंने सुरक्षाबलों को आतंकियों को के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शाह के दौरे के ऐलान के वक्त से माना जा रहा था कि वे चुनाव प्रक्रिया को बढ़ा सकते हैं, मगर अब तक राज्य के किसी भी नेता से मुलाकात न होना बता रहा है कि दौरा सिर्फ विकास तक ही सीमित रहेगा। अभी तक गृहमंत्री से मुलाकात का कोई आधिकारिक न्योता किसी भी स्थानीय सियासी पार्टी के पास नहीं पहुंचा है। यहां तक कि भाजपा की समर्थक पार्टी जम्मू-कश्मीर वर्कर पार्टी और सज्जाद गनी लोन की पार्टी के नेताओं से भी गृह मंत्री मुलाकात नहीं करेंगे। दिल्ली में 25 जून को जम्मू-कश्मीर के सभी राजनीतिक दलों को बुलाकर केंद्र सरकार की तरफ से दोनों तरफ से संवाद को शुरू करने की एक पहल हुई थी। यह बैठक राज्य की सियासी पार्टियों के साथ केंद्र ने परिसीमन के मुद्दे और चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिहाज से की थी।

# कश्मीर की फ़िज़ाओ में आतंकवाद का ज़हर

**सोनम लववंशी**

कश्मीर की फ़िज़ाओं में एक बार फ़िर आतंक की गोलियां सुनाई दे रही है और जिहादी आतंकी कश्मीर की वादियों में पुनः अपने नापाक इरादों को अंजाम दे रहें हैं। बड़ी दुःखद बिडम्बना है कि जिस कश्मीर में अमन-चैन होना चाहिए। वहां ये जिहादी मौत का तांडव कर रहें हैं। इतना ही नहीं जो वादियां सैलानियों से गुलज़ार होनी चाहिए। वहां आएं दिन आतंकी घटनाएं हो रही। ऊपर से हिंदुओं को टारगेट करके उन्हें मौत के घाट उतारा जा रहा है। जो बेहद ही दुःखद और चिंताजनक है। 2019 में जबसे मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद-370 और आर्टिकल-35 (ए) हटाया है। तभी से सामान्य राज्यों की भांति जम्मू और कश्मीर में भी संविधान पूर्णरूप से अधिनियमित और अंगीकृत हो गया है। ऐसे में अगर किसी धर्म विशेष से जुड़े लोगों को टारगेट करके मौत के मुँह में डाला जा रहा तो यह सरेआम संविधान का अपमान ही है, लेकिन इसको लेकर न विपक्ष कभी कुछ कहती है और न ही मौकापरस्त जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दल कभी इन मुद्दों पर बल देते हैं। उन्हें तो कश्मीर की वादियों की सत्ता प्यारी है। तभी तो वह बंदूक उठाने वाले आतंकियों को भी भटका हुआ युवा करार देने पर तुले रहते हैं। वैसे भी सियासत हो या आतंकवाद से जुड़े लोग। शायद उन्हें कश्मीर की फ़िज़ाओं में मोहब्बत का रंग रास नहीं आता। तभी तो अक्सर कश्मीर में जिहाद की चिंगारी धधकती रहती है। भले वह बात चाहें वर्षो पुरानी हो या अनुच्छेद- 370 और आर्टिकल- 35 (ए) ख़त्म होने के बाद की स्थिति। ऐसे में समझ यही आता है कि कहीं जिहाद, आतंक और धर्म के नाम पर कश्मीर का जलते रहना ही उसकी नियति तो नहीं। गौरतलब हो कि बीते कई दिनों से आतंकवादी %टारगेट किलिंग% के जरिए अल्पसंख्यकों पर हमले कर रहे है और उनका मकसद साफ है कि किसी तरह डरा धमका कर अपना राज चलाया जाये। ऐसे में देखा जाये तो ये सारी घटनाएं कहीं न कहीं पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और अफगानिस्तान की शह पर ही हो रही है, लेकिन कहीं न कहीं हाथ किसी न किसी भीतरघात करने वालों का भी है। वरना इतनी आसानी से सीमा के भीतर कोई ऐसा दुःसाहस कर लें। यह समझ नहीं आता। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने भले ही कश्मीर से अनुच्छेद- 370 और आर्टिकल- 35 (ए) हटा दिया हो। जिससे दूसरे राज्यों के लोगों को अचल संपत्ति खरीदने का अधिकार मिल गया है, लेकिन ये वर्तमान दौर की कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में बाहरी लोग तो दूर वहां दशकों से रह रहे हिंदुओं का भी अमन-चैन दूभर है। ऐसे में जिन वादियों में कभी नवविवाहिता घूमने के सपने सजाती थी उन वादियों में मौत का मातम पसरा हुआ है। कश्मीर तो वही है लेकिन कश्मीर की फिजा जरूर बदल गई है। ये बात लोग शायद भूल गए है कि धरती पर कहीं जन्नत देखनी हो तो कश्मीर का जिक्र होता था, लेकिन आज एक बार फिर वही कश्मीर आतंकवाद की बलि चढ़ रहा है। बता दें कि कश्मीर में कहीं न कहीं 1990 का इतिहास एक बार फिर दोहराया जा रहा है। जब हजारों कश्मीरी पंडितों को अपने घर छोड़कर रातों रात कश्मीर से पलायन करना पड़ा था। एक बार फिर वही साजिश कश्मीर में रची जा रही है। श्रीनगर के मशहूर फार्मेसी के मालिक माखनलाल बिंदरू को जिस तरह से मौत के घाट उतारा गया उससे आतंकवादियों के मंसूबे साफ नजर आ रहे है। यह कोई पहली घटना नहीं है जब आतंकवादियों के हौसले बुलंद हुए हो। आतंकियों ने लाल बाजार इलाके के गोलगप्पा बेचने वाले वीरेंद्र पासवान की हत्या तक कर डाली। सिर्फ बिहारी या कहें कि बाहरी होने की सजा अपनी जान देकर उन्हें चुकानी पड़ी। वर्षों से लाल बाजार की सड़कों पर गोलगप्पे का ठेला चलाने वाले वीरेंद्र को मारते समय आतंकियों की रूह तक नही कांपी। एक पल में भरे पूरे परिवार को अनाथ कर दिया। अब बात प्रिंसिपल सतिंदर कौर और शिक्षक दीपक चंद की करे तो उन्हें भी सिर्फ हिन्दू होने की सजा चुकानी पड़ी। सतिंदर कौर अपनी आधी सैलरी अनाथ बच्चों पर खर्च करती थी। यहां तक कि उसने एक मुस्लिम बच्ची तक को गोद ले रखा था। जिसका सारा



खर्च वह स्वयं उठती थी। यह सुनकर भला किसका कलेजा नहीं पसीजेगा? लेकिन फ़िर भी उन्हें मौत की नींद सुला दिया गया। ऐसे में निःसन्देह यह कहना गलत नहीं होगा कि कश्मीर में इस्लामिक आतंकवाद का दौर शुरु हो गया है और ये अलग बात है कि फ़ारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ़्ती की नजरों में ये जिहादी भटके हुए नौजवान है। यही वजह है कि इस रक्तरंजित घटना के बाद भी इन नेताओं की ज़ुबान पर ताले लगें है। वैसे राजनेताओं के कहने ही क्या? उन्हें तो सिर्फ वोट बैंक की राजनीति भर करनी होती है। उन्हें भला कब किसी गरीब की मौत का दर्द दिखाई देता है। सो वही रीति-नीति कश्मीर में भी अपनाई जा रही है। ऐसे में अब कश्मीर में कोई सामाजिक संगठन आगे नहीं आएगा? कोई धरना प्रदर्शन नहीं होगा? होना भी नही चाहिए क्योंकि इन मुद्दों पर बोलकर भला उन्हें कोनसा राजनीतिक लाभ होगा? सो वो चुप है। नुकसान तो उन्हें आर्टिकल- 35 (ए) हटने पर हो रहा था, अनुच्छेद-370 हटने पर हो रहा था। तब सारा विपक्ष मिलकर बोला था और आज सभी खमोश है और यही खमोशी कहीं न कहीं हमारे लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है, लेकिन विपक्ष की नज़रों में तो आज के समय में खतरा कुछ और ही है। शायद यही तो एक लोकतंत्र की खूबी है। जहां अपने-अपने लिहाज़ से सभी राजनीतिक दल के अपने मुद्दे हैं, लेकिन बात फ़िर घूम-फिरकर वहीं आ जाती कि आख़िर कश्मीर में हिंदुओं की टारगेट किलिंग क्यों और इस पर कांग्रेस और स्थानीय नेताओं की चुप्पी आख़िर कब तक?

वैसे यहां एक बात सच है कि कश्मीर में 1920 में %डोगरा राज% चलता था और तब कश्मीरियों ने अपनी ज़मीन और नौकरी को बचाने के लिए एक नारा भी दिया था कि, ÷ कश्मीर फ़ॉर कश्मीरीज÷। इतना ही नहीं एक विशेष बात यह नारा वहां रहने वाले पंडितों ने ही दिया था। लेकिन बदकिस्मती देखिए कि जिन पंडितों ने यह नारा दिया था उन्हें ही कश्मीर छोड़कर जाना पड़ा। ऐसे में बात अगर कश्मीर के मूल निवासी हिंदुओ की करे तो उनकी सभ्यता व संस्कृति पांच हजार साल से भी ज्यादा पुरानी है। कहते है कि कश्मीर का नाम कश्यप ऋषि के नाम पर ही रखा गया था। लेकिन एक ही पल में लाखों कश्मीरी पंडितों को अपने घर द्वार छोड़कर शिविरों में शरण लेनी पड़ी। अफ़सोस की इतिहास की इतनी बड़ी घटना पर तमाम राजनीतिक दल आजतक चुप्पी साधे रहे। यह घटना किसी और धर्म के लोगो के साथ होती तो देश तो दूर विदेशों तक से विरोध के स्वर प्रखर हो उठते। हमारे देश के राजनेता तक इस घटना के बाद यह बयान देने से बाज नहीं आये की कश्मीरी हिंदुओ के पलायन का निर्णय उनका स्वयं का निर्णय था। ऐसे में जब हमारे राजनेता ही अन्याय होता देख आंख मूंद ले तो हश्र भी यही होना था। वैसे कश्मीर में हालात कभी सामान्य नहीं रहे। जिस कश्मीर का जिक्र उसकी सुंदरता को लेकर किया जाना चाहिए। वह आतंकवाद का गढ़ बनकर रह गया। फ़िर इसमें दोष किसका। यह खोजने बैठेंगे। फ़िर बात दूर तक जाएगी। ऐसे में वर्तमान में जीना ही बेहतर है, लेकिन कश्मीर के हिन्दू तो वर्तमान में भी इस्लामिक आतंकवाद का शिकार हो रहें। ऐसे में सरकार को सखूत कदम उठाने की जरूरत है। केंद्र की मोदी सरकार ने वैसे जब अनुच्छेद-370 और आर्टिकल- 35 (ए) ख़त्म किया। तो आश तो यही जगी कि अब जम्मू-कश्मीर में आतंक खत्म हो जाएगा। हिंदुओं का पलायन बंद हो जाएगा, लेकिन दो साल के भीतर फ़िर स्थिति बद्तर हो रही। फ़िर केंद्र के उन दावों की भी हकीकत जांचने का समय आ गया है। जिसमें वह आतंकवाद के ख़ात्मे की बात करती आ रही थी। इसके अलावा उन परिस्थितियों को भी समझने की जरूरत है जिसकी वज़ह से एक बार फ़िर कश्मीर के हिन्दू टारगेट किलिंग का

## क्यों कहते हैं विष्णु भगवान को नारायण

भगवान विष्णु के हजारों नाम हैं। इनमें एक प्रमुख नाम है नारायण। फिल्मों, टीवी सीरियल या रामलीला में आपने देखा होगा कि नारद मुनि भगवान विष्णु को नारायण नाम से पुकारते हैं। इस नाम का धार्मिक रूप से बड़ा महत्व है। इस एक नाम में सृष्टि का संपूर्ण सार छिपा हुआ है। इसलिए शास्त्रों में अधिकांश स्थानों पर विष्णु भगवान को नारायण नाम से संबोधित किया गया है। हिन्दू धर्म में अठारह पुराणों का वर्णन मिलता है। इन अठारह पुराणों में विष्णु पुराण एक है। इस पुराण में सृष्टि की रचना का वर्णन किया गया है। इसी प्रम में बताया गया है किस प्रकार विष्णु भगवान ने वाराह रूप धारण करके पृथ्वी को रसातल यानी पाताल लोक से उठाकर जल के मध्य में स्थित किया। इसके बाद ब्रह्मा जी ने सत्व, रज और तम गुणों से असुर, देव, राक्षस, यक्ष, मनुष्य, सर्प एवं अन्य जीव-जन्तुओं की रचना की। विष्णु पुराण में बताया गया है कि सृष्टि के समाप्ति के समय सब कुछ जल में समा जाता है और संपूर्ण ब्रह्माण्ड अंधकारमय हो जाता है। भगवान विष्णु चिर निद्रा में जल में शयन करते हैं। देवताओं का दिन आरंभ होने पर भगवान विष्णु फिर से सृष्टि की रचना करते हैं और ब्रह्मा एवं शिव की उत्पत्ति उन्हीं से होती है। भगवान विष्णु प्रथम नर रूप में व्यक्त होते हैं। इसलिए शापाङ्ख में इन्हें आदिपुरूष कहा गया है। आदि पुरूष विष्णु का निवास यानी %आयन% नार यानी %जल% है इसलिए भगवान विष्णु को नारायण नाम से संबोधित किया जाता हैं।

## (कहो तो कह दूं) पूरे प्रदेश में यदि किसी की चर्चा है तो वो है 'दारू'

**चैतन्य भट्ट**

इन दिनों मध्यप्रदेश में अगर सबसे ज्यादा सुर्ख़ियों में कोई है तो वो है दारू । उसकी टीआरपी आज की तारीख में सबसे ज्यादा है इधर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बीजेपी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती पूरे प्रदेश से दारु को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहती हैं पूरे प्रदेश में शराबबंदी करवाना चाहती हैं ,तो अपने मामा जी यानी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी अब महिलाओं के लिए शराब की अलग दुकान खुलवाने की व्यवस्था मैं जी जान से जुटे हैं । प्रदेश के 4 शहरों में महिलाओं के लिए अलग से शराब की दुकान खोली जाएंगी जिनमें हर तरह के ब्रांड महिलाओं के लिए उपलब्ध होंगे अगर ये दुकानें जम के चल गई तो फिर प्रदेश में ÷वाइन उत्सव÷भी मनाया जाएगा । कितनी चिंता है मामा जी को अपने प्रदेश की दारु पीने वाली महिलाओं की, वैसे एक हिसाब से सही तो बात है जब मर्द दारु पी सकता है तो औरतें क्यों नहीं ।एक दूसरी बात ये भी सामने आई है कि प्रदेश में दारू की खपत लगता है कम हो गई है, पता नहीं दरुओं को क्या हो गया है, सरकार इतनी फैसिलिटी दे रही है कोरोना में सब कुछ बंद था फिर भी दारू मिल रही थी ,उसके बाद भी अगर वे दारू की खपत नहीं बढ़ा पा रहे हैं तो सरकार को सोचना तो पड़ेगा ना, इसलिए उसके आबकारी विभाग के बड़े अफसरों ने एक मीटिंग बुलाई और छोटे अफसरों से कहा कि देखो भैया प्रदेश में मदिरा की खपत कैसे कम हो रही है क्या दरुए आध्यात्म की तरफ चले गए हैं या उनका दारू से मोहभंग हो गया है, पता लगाओ, सर्वे करो, दरुओं से बात करो कि भैया सरकार को क्यों गरीब करने में जुटे हुए हो तुम्हारे दम पर तो सरकार का खजाना भरता है अगर तुम ही अलसेट दे दोगे तो सरकार भी दाने-दाने को मोहताज हो जाएगी, इसलिए अपनी आदतों से बाज मत आओ दारू पियो, तुम भी खुश रहो और हमें भी खुश रहने दो । अधिकारी लगातार इस खोज में हैं कि दरुओं की संख्या कैसे बढ़ाई जाए ताकि मदिरा की खपत बढ़ जाए । उधर दूसरी तरफ कांग्रेस ने घोषणा कर दी है कि कांग्रेस का सदस्यता



अभियान चलेगा उसमें केवल उनको ही सदस्य बनाया जाएगा जो शराब और ड्रग से दूर से ही तौबा करते हों ,मामा जी दरुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं तो कमलनाथ दरुओं को पार्टी में शामिल करने से इंकार कर रहे हैं ,अरे भाई पार्टी का काम अलग है और अपने अपने शौक अलग ,अगर दो चार पैग पार्टी का कोई सदस्य लगा भी रहा है तो उससे पार्टी को कौन सा नुकसान है । कुल मिलाकर इन दिनों दारू पर पूरा प्रदेश केंद्रित हो गया है आबकारी विभाग दरुओं के सर्वे में लगा है, महिलाएं अपने लिए अलग दुकान खुलने के इंतजार में हैं कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशानी में हैं कि कैसे यह एफिडेविट दे दे कि वह शराब नहीं पिएंगे, यदि देखा जाए तो बिना दारू के कोई भी प्रदेश सरकार चल नहीं पाती क्योंकि सारा माल तो दारू से ही आता है यदि उसमें बंदिश लग गई तो फिर माल कहां से आएगा, तिजोरी खाली हो जाएगी । एक बात अपन उमा जी को भी बता देते हैं उमा जी सब कुछ करना लेकिन दरुओं की बद्दुआ मत लेना क्योंकि इनकी आह भीतर से निकलती है और उसका असर बहुत दूर तक होता है

### नेता और भरोसा

आजकल पता नहीं क्यों संस्थाएं लगातार सर्वे करने में जुटी हुई हैं, कोई किसी चीज का सर्वे कर रहा है तो कोई किसी चीज का । अब एक और नया सर्वे सामने आ गया है कि लोगों का भरोसा किस पर सबसे ज्यादा है और किस पर सबसे कम, इस सर्वे में यह बात सामने आई है कि लोगों का भरोसा सबसे कम यदि किसी पर है तो वह है ÷मंत्री और नेता÷। कुल जमा 18 फीसदी लोग नेताओं पर और 15 फ़ीसदी लोग मंत्रियों पर भरोसा करते हैं , अपने को तो इन सर्वे करने वालों की बुद्धि पर तरस आता है इसके लिए सर्वे करने की जरूरत क्या है यह तो बच्चा बच्चा जानता है कि नेता और मंत्री सिर्फ वादा करते हैं उनकी पोटली में हजारों वायदे होते हैं और जब जनता के बीच जाते हैं तो उस पोटली में से लगातार वायदे निकाल निकाल कर जनता की तरफ फेंकते रहते हैं जनता भी जानती है कि मंत्री जी या नेता जी जो कुछ कह रहे हैं या जो वायदे कर रहे हैं।

# एहसासात -ए - मच्छर

### सूडोकु नवताल- 5873

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5872 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

**तनवीर जाफ़री**

गेंडामल को नित्य नये प्रयोग करने का बहुत शौक़ था। रोज़ की तरह एक दिन जब वह बाथरूम में नहाने गया तो अचानक %खाये पिये परिवारों% के कई मोटे मच्छरों ने गेंडामल के निःवस्त्र शरीर की गेंडे जैसी खाल पर डंक चुभोना शुरू कर दिया। पहले तो गेंडामल ने डांस ट्वीस्ट आदि कर उन मच्छरों से पीछा छुड़ाना चाहा। परन्तु फिर जब वे न माने तो गेंडामल ने सोचा कि आज इन सभी मच्छरों को नई नई तकनीक से मारा जाये ताकि इनकी नस्लें भी मुझसे डर कर रहें और भूल कर भी मुझे डसने की ग़लती न करें। उसने एक एक कर पांच मच्छर मारे और सभी के साथ मारने की अलग अलग विधि का प्रयोग किया।

गेंडामल ने एक मच्छर को बाथरूम में लगे हैण्ड जेट की तेज़ धार के निशाने में लेकर बहा दिया तो दूसरे उड़ते हुए मच्छर पर उसने पानी का भरा डोंगा भरकर निशाना लगाकर उसपर तेज़ी से पानी फेंका। वह मच्छर भी बह गया। तीसरा फ़र्श पर बैठा था उसे भी पानी भरे डोंगे की तेज़ धार में बहा दिया। चौथे मच्छर को अपने दोनों हाथों के बीच निशाना साध ज़ोरदार ताली बजाकर मार डाला। फिर उसने देखा कि पांचवां और आख़िरी मच्छर फ़र्श पर डरा सहमा सा बैठा है। उसने पानी की भरी पूरी बाल्टी झटके से उसपर डाली और वह भी पानी की तेज़ धार में लापता हो गया।

मरणोपरांत इन मच्छरों की स्वर्ग में भेंट हुई। सब एक दूसरे को पहचान गये और एक दूसरे से उनकी मौत का कारण पूछने लगे। अब ज़रा एहसास-ए- मच्छर ग़ौर फ़रमाइये। पहले ने बताया कि मैं तो बहुत तेज़ मूसलाधार बारिश में बह कर मर गया था। दूसरा बोला अरे मेरे ऊपर तो बादल ही फट गया था। तीसरे ने बताया कि मैं बाढ़ में बहकर मरा हूँ। चौथे ने कहा कि मैं तो दो चट्टानों के बीच दबकर चटनी बन गया था। अब सबने पांचवें से पूछा हाँ मच्छर भाई आप को मौत कैसे आई ? उसने कहा अरे मुझ पर तो कुदरत ने बहुत ज़ुल्म ढहाया। तुम लोगों के साथ तो समझो कुछ भी नहीं हुआ। तुम चारों के जाने के बाद मैं अकेला शोकमग्न होकर फ़र्श के एक कोने में बैठा तुम सब के साथ छोड़ जाने और अपनी तन्हाई का सोग मना ही रहा था कि अचानक सुनामी आ गयी और हमें बहाकर ले गयी। सभी मच्छर गेंडामल की कुटिल तदबीरों को कुदरत की मार समझ रहे थे तो उधर गेंडामल भी नहाने के बाद बाथरूम से मुस्कुराता हुआ निकला और अपने आप में ईश्वरीय एहसास लिये मूछें ऐंठते हुए बुदबुदा रहा था- आज पांच मच्छरों को ऐसा सबक़ सिखाया है कि अब इनकी चार पुश्तें भी मुझे परेशान नहीं करेंगी।

## अंध मातृ-पितृ भक्त बनने से बचे

**रीना रवि मालपानी**

कहते है जीवन में साक्षात भगवान का स्वरूप माता-पिता होते है और यह सच भी है कि बच्चे के लालन-पालन में माता-पिता स्वयं ही खर्च हो जाते है। माता-पिता बनने के बाद उनकी केवल एक ही अभिलाषा रह जाती है कि मेरे बच्चे का कभी अहित न हो। भवानी को अपनी शिक्षा और इंटर्नशिप के कारण अपने गुरु के घर जाकर भी कभी-कभी अध्ययन में आने वाली परेशानियों के समाधान हेतु उनसे परामर्श लेना पड़ता था क्योंकि गुरुजी अत्यंत व्यस्त रहते थे। वे धन के अत्यंत ही लोभी थे इसलिए अतिरिक्त जिम्मेदारियों को भी लेने के लिए हमेशा तैयार रहते थे क्योंकि इससे उनकी आमदनी में इजाफा होता था। यहीं स्वभाव उनकी पत्नी में भी था। चापलूसी और चाटुकारिता भी उनका पीछा छोड़ नहीं पाई। भवानी कुछ नया करना चाहती थी। वह किस तरीके से अपने नवीन प्रयोग का क्रियान्वयन करें इसके लिए गुरु के मार्गदर्शन पर निर्भर थी। भवानी की विशेषता उसका कुशल व्यवहार और समझदार होना था। इसी के चलते गुरुजी और उनकी पत्नी उसे कुछ व्यक्तिगत और घरेलू कार्य भी बता दिया करते थे। भवानी को न चाहते हुए भी गुरु की आज्ञा समझते हुए इन कार्यों को पूर्ण करना होता था। कभी-कभी गुरुजी और उनकी पत्नी शिक्षा संबन्धित कार्यों के लिए बाहर जाते तब भवानी को उनकी लड़की सीता के साथ घर पर ही रुकने को बोल जाते, पर सीता तो निहायती घमंडी और अड़ियल थी। वह अपने माता-पिता के पद, पैसे और प्रतिष्ठा के अभिमान में मगरूर थी। वह भवानी को अत्यंत ही हीन समझती थी। वह घर में उसके रुकने से लेकर खाने-पीने की वस्तुओं इत्यादि के प्रति भवानी से दुर्व्यवहार करती थी। उच्च शिक्षित होने पर भी वह माता-पिता की अंध भक्त थी।

## आर्यन के बहाने नशाबंदी

**वेदप्रताप वैदिक**

आजकल अखबारों और टीवी चैनलों पर लगातार आर्यन खान का मामला जमकर प्रचारित हो रहा है। आर्यन और उसके कई साथियों को नशीले पदार्थों को सेवन करने के अपराध में पकड़ा गया है। ऐसे कई दोषी हमेशा पकड़े जाते हैं लेकिन उनका इतने धूम-धड़ाके से प्रचार प्रायः नहीं होता लेकिन आर्यन का हो रहा है, क्योंकि वह प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शाहरुख खान का बेटा है। सरकार को इस बात का श्रेय तो देना पड़ेगा कि उसने शाहरूख के बेटे के लिए कोई लिहाजदारी नहीं दिखाई लेकिन मैं पहले दिन से सोच में पड़ा हुआ था कि जो लोग नशेड़ी होते हैं, उन्हें तभी पकड़ा जाना चाहिए, जब वे कोई अपराध करें। अगर वे सिर्फ नशा करते हैं तो किसी दूसरे का क्या नुकसान करते हैं ? वे तो अपना ही नुकसान करते हैं, जैसे कि आत्महत्या करनेवाले करते हैं। नशे और आत्महत्या, दोनों ही अनुचित हैं और अकरणीय हैं लेकिन इन्हें अपराध किस तर्क के आधार पर कहा जा सकता हैं? उन्हें आप सजा देकर कैसे रोक सकते हैं? सख्त सजाओं के बावजूद नशे और आत्महत्याओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। इन्हें रोका जा सकता है– शिक्षा और संस्कार से! यदि बच्चों में यह संस्कार डाल दिया जाए कि यदि तुम नशा करोगे तो आदमी से जानवर बन जाओगे याने जब तक तुम नशे में रहोगे, तुम्हारी स्वतंत्र चेतना लुप्त हो जाएगी तो वे अपने आप सभी नशों से दूर रहेंगे। हमारी सरकार का यह रवैया अजीब-सा है कि शराब की दुकानें तो वह खुले-आम चलने दे रही है लेकिन लगभग 300 नशीली दवाओं के सेवन पर उसने कानूनी प्रतिबंध लगा रखा है। ये नशीली दवाएं शराब की तरह स्वास्थ्यनाशक तो हैं ही, ये मानव-चेतना को भी स्थगित कर देती हैं। इनके उत्पादन, भंडारण, व्यापार और आयात पर प्रतिबंध आवश्यक है लेकिन इनके सेवन करनेवालों को अपराधी नहीं, पीड़ित माना जाना चाहिए। उन्हें जेल में सड़ाने की बजाय सुधार-गृहों में भेजा जाना चाहिए। जेल में भी मादक-द्रव्यों का सेवन जमकर चलता है याने कानून पूरी तरह से नाकारा हो सकता है जबकि नशा-विरोधी संस्कार हमेशा मनुष्य को सुदृढ़ बनाए रखता है। मुझे खुशी है कि केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा है कि नशाखोरी के ऐसे मामलों को 'अपराध' की श्रेणी से निकालकर 'सुधार' की श्रेणी में डालिए। इस संबंध में संसद के अगले सत्र में ही नया कानून लाया जाना चाहिए और अंग्रेज के जमाने के पोगापंथी कानून को बदला जाना चाहिए।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा का स्वागत समारोह संपन्न



**मुरैना।** नव नियुक्त जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रताप सिंह धाकड का सोमवार को रेस्ट हाउस स्थित भाजपा कार्यालय पर स्वागत समारोह एवं पदभार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा वरिष्ठजनो द्वारा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड की नियुक्ति पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया एवं विगत कार्यकाल में किसान मोर्चा के द्वारा किये गए कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मिले सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित कर नवनियुकित जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड को पार्टी कार्यो में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। नवनियुकित जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड द्वारा पार्टी के रीति-नीति सिद्धान्तों पर चलकर किसानों के दृष्टिगत प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव एवं मतदान केंद्र स्तर तक पहुचाने के पार्टी संकल्प हेतु कार्य करने हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप सिंह, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष उदयवीर सिकरवार एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री मुकेश परमार ने किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेश शर्मा सिकरौदा द्वारा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड को पदभार सौपा गया। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुखरूप से जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह सिकरवार, जिला महामंत्री कमलेश कुशवाह, जिला मंत्री मुकेश सिंह परमार, निवर्तमान किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा राकेश खटीक, संजू पचौरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा, मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा, रामेश्वर सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमकांत शर्मा, संजय शर्मा, रघुवीर चौहान, गोवर्धन पटेल, विजय डंडोतिया, राघवेंद्र उपाध्याय, मनोज मिश्रा, नब्बी भारद्वाज सहित किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक बलवीर गोवर्धन पदयात्रा पर निकले



**मुरैना।** दिमनी से पूर्व विधायक एवं मुरैना से संसदीय चुनाव लड़ चुके बलवीर सिंह डण्डोतिया गोवर्धन की पदयात्रा पर सोमवार की शाम रवाना हो गए। उनके साथ कुछ गाड़ियों का काफिला एवं एक दर्जन से अधिक लोग पैदल चल रहे हैं। बताया जाता है कि श्री डण्डोतिया के परिवार पर गोवर्धन महाराज की विशेष कृपा रही है और उनके परिवार से कोई न कोई व्यक्ति गोवर्धन आए दिन आ जाता रहता है तथा वह भी अधिकांश समय गोवर्धन महाराज की सेवा में देते हैं। पदयात्रा के दौरान जिला पंचायत सदस्य राकेश बघेल सहित अनेकों समर्थक व श्रद्धालु मौजूद हैं इस दौरान भगवान कृष्ण के भजनों के साथ-साथ उनके जयकारे गुंजायमान हो रहे थे।

## मानसी बनी करणी सेना (महिला शक्ति) की नगर अध्यक्ष



**मुरैना।** करणी सेना का विस्तार करते हुए करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, राष्ट्रीय महामंत्री उम्मेद सिंह करीरी, राष्ट्रीय युवा शक्ति अध्यक्ष बॉबी पारिक, महिला शक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष रौचिका अग्रवाल, करणी सेना मध्य प्रदेश युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष सागर नाती, मुरैना जिला अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष तृप्ति सिंह सकरारी ने मानसी शर्मा को करणी सेना मुरैना का नगर अध्यक्ष महिला शक्ति के पद पर नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी मिलने पर मानसी शर्मा ने कहा कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम करेंगी।

# लखीमपुर खीरी, किसान शहीदों के अस्थि कलश लेकर, संयुक्त किसान मोर्चा का जत्था आज पहुंचेगा मुरैना




**मुरैना।** गत दिनों विरोध प्रदर्शन कर वापस लौट रहे किसानों को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे ने गाड़ियों के काफिले से रौंदकर मार दिया, जिसमें 4 किसान व एक किसान का बेटा पत्रकार शहीद हो गए। उक्त मामले में मंत्री के बेटे के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर उसकी गिरफ्तारी तो की जा चुकी है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता, किसानों को धमकाने वाले, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त नहीं किया गया है और ना ही उनके ऊपर मुकदमा दायर कर मंत्री की गिरफ्तारी की गई है। देशभर में बर्खास्तगी व गिरफ्तारी के लिए आंदोलन जारी है। इस बीच लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों के अस्थि कलश को लेकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में एक जत्था आज 26 अक्टूबर को फूलबाग ग्वालियर से शुरू होकर दोपहर 2 बजे मुरैना रेस्ट हाउस पर पहुंचेगा। जहां पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उसके पश्चात 3 बजे जौरा व 4 बजे कैलारस पुरानी सब्जी मंडी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात यह जत्था सबलगढ़ पहुंचकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद रात्रि विश्राम सबलगढ़ में करेगा। वहां से 27 अक्टूबर को प्रातः श्योपुर के लिए रवाना होगा। इस जत्थे में संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेतागण किसान सभा के राज्य सचिव अखिलेश यादव, वरिष्ट किसान नेता रामबाबू जाटव, लखविंदर सिंह किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी सहित कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से मुरैना में रामनिवास शर्मा, श्रीकृष्ण यादव, जेके पिप्पल, रामविलास शर्मा, जौरा में हंसराज शर्मा, ओमप्रकाश श्रीवास, पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, सोनेराम कुशवाहा, कैलारस में वरिष्ट किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, सुरेश धाकड़, सरवन लाल, सियाराम, बनवारी लाल, युवा नेता महेश प्रजापति व सबलगढ़ में किसान सभा के जिला महासचिव एडवोकेट मुरारी लाल धाकड़, पूर्व पार्षद आदिराम आर्य, अशोक राठौर, इसराइल खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता अस्थि कलश को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष ने किया किसानों को निःशुल्क बीज वितरित



**अम्बाह।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से इलाके में सरसों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सरसों का बीज निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर ने किसानों को निःशुल्क का सरसों का बीज वितरित किया। जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर ने बताया कि इलाके में सरसों की बिजाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को सरसों की खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है और पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सरसों का बीज वितरित किया जा रहा है। राम सिंह ने बताया कि सरसों के रेट में बढ़ोतरी को लेकर भी किसानों का रुझान सरसों की खेती की ओर बढ़ा है। इसी के चलते किसानों को निःशुल्क बीज वितरित किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 4 हजार वर्गमीटर पॉलीहाउस का निर्माण

**मुरैना।** जिले में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इस विकास योजना के तहत संरक्षित खेती के अन्तर्गत 4 हजार वर्गमीटर में पॉलीहाउस का निर्माण किया गया है। 200 वर्मी कम्पोस्ट यूनिट बनाई गई है। 50 मैट्रिक टन क्षमता के प्याज भण्डारगृहों का निर्माण मुरैना जिले में किया गया है। 120 हेक्टेयर क्षेत्र में यूज लवर का उत्पादन किया जा रहा है। 150 हेक्टेयर क्षेत्र में संकर सब्जी क्षेत्र का विस्तार किया गया है। 5 बी.एच.पी. से अधिक के 12 पावर बीडर स्थापित किये गये है। जिले में 7 प्लास्टिक मल्चिंग लेईग मशीन स्थापित की गई है। 300 मैपसेफ फुट बैटरी आपरेटेड स्प्रेयर पम्प स्थापित किये गये है। 40 मैपसेक पावर स्प्रेयर और 5 वॉक इन टनल स्थापित किये गये है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का हुआ लाइव प्रसारण



**अम्बाह।** देश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव भाषण का सिविल अस्पताल अंबाह में प्रसारण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अस्पताल का स्टाफ एवं भाजपा नेता मौजूद रहे। लाइव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश को कोरोना मुक्त करना सरकार का उद्देश्य है। पीएम ने कहा कि देश ने करोना महामारी से अपनी लड़ाई में 100 करोड़ वैक्सीन ने बड़े पड़ाव को पूरा किया है। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद और देश वासियों के विश्वास से सबको कोरोना मुक्त करना है। हमारा वैक्सीन का प्लान सफलता से आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दो करोड़ से अधिक गरीबों का अस्पताल में मुफ्त इलाज भी करवाया है। इलाज से जुड़ी कई परेशानियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के जरिए हल किया जा रहा है।

**लोगों की बेहतरी के लिए देश मे काम हो रहे हैं:** पीएम मोदी ने कहा कि हमसे पहले जो सरकारे में रहे, उनके लिए स्वास्थ्य सेवा पैसा कमाने, घोटालों का जरिया थी। गरीब की परेशानी देखकर भी वो उनसे दूर भागते थे। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज केंद्र और जिन राज्य में भाजपा सरकार है जो गरीब, दलित, शोषित-वंचित, पिछड़े, मध्यम वर्ग, सभी का दर्द समझती है। हम बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए काम कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आवेदन 30 अक्टूबर तक

**मुरैना।** मत्स्य पालन को बढ़ावा एवं मत्स्य कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 30 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत का 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। साथ ही सामान्य व पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी की स्थापना, मत्स्य बीज संवर्धन पोखर निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, इनपुट्स कोट्स की व्यवस्था, रंगीन मछलियों की ब्रीडिंग एवं रियरिंग इकाई की स्थापना, वायाफलोक व फिश फीडमिल की स्थापना, मछली विक्रय केन्द्र, कियोस्क का निर्माण और आईस प्लांट स्थापना आदि के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है।

# खाटू श्याम जा रही पदयात्रा का हुआ स्वागत



**मुरैना।** एक माह पूर्व उड़ीसा से आधा दर्जन से अधिक लोगों का एक जत्था खाटू श्याम तीर्थ स्थान के लिए पैदल यात्रा पर निकला है, जो 15 नवंबर को श्याम खाटू पहुंचेगा। श्याम भक्तों की टोली का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है। इसी श्रंखला में यात्रा के मुरैना पहुंचने पर खाटू श्याम के भक्तों ने पैदल यात्रा कर रहे भक्तों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। यात्रा में चल रहे महाराज रामबरन शर्मा एवं विवेक सिंह यादव ने बताया कि उड़ीसा से श्याम खाटू तक 1600 किलोमीटर की यात्रा 15 नवंबर तक पूर्ण होगी, उनके साथ इसमें अन्य लोग भी साथ चल रहे है, सभी लोग नाचते गाते हुए खाटू श्याम का स्मरण करते हुए पदयात्रा कर रहे हैं।

# लाइसेंस ना होने पर भी किया पटाखे का भंडारण जप्त कर मामला दर्ज



**अम्बाह।** थाना अंबाह में रिपोर्ट दर्ज कराते हुई उपनिरीक्षक विवेक शर्मा ने बताया है कि वह थाना अम्बाह में पदस्थ होकर कार्यरत हैं दौराने कस्वा भ्रमण करते हुये जब वह नगर पालिका के पास पहुंचे तो वहाँ पर मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जग्गा चौराहे पर एक व्यक्ति सोनू गुप्ता पुत्र सेवाराम गुप्ता निवासी जग्गा चौराहा अम्बाह का अपने घर में आतिशवाजी विस्फोटक भण्डारण किये हुए हैं। साथ ही लायसेंस निरस्त होने के बाद भी वह अबैध भण्डारण कर आयात निर्यात करते हुये अबैध आतिशबाजी का क्रय-विक्रय कर रहा है, जिसका भण्डारण रियायसी इलाके के पास है। लायसेंस धारी सोनू गुप्ता पुत्र सेवाराम गुप्ता का लायसेंस पूर्व मे निरस्त हो चुका है। उक्त सूचना पर रवाना होकर मय हमराह स्टाफ आर. दीपक पचौरी, आर. जोगेन्द्र, आर. अनिल परमार व शासकीय वाहन के राहगीर स्वतंत्र साक्षी विजय शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी डांक वंगला अम्बाह को सूचना से अवगत कराते हुये साथ लेकर बताये हुये स्थान जग्गा चौराहे पर दविश दी, जहाँ एक व्यक्ति मिला, जिससे उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सोनू गुप्ता पुत्र सेवाराम गुप्ता उम्र 28 साल निवासी जग्गा चौराहा अम्बाह का होना बताया, जिसके गोदाम को खुलवाकर चैक किया तो गोदाम मे आतिशवाजी विस्फोटक रखी होना पाई गई जो कि खुले हुये कार्टूनों में थी। जब इस संबंध मे सोनू गुप्ता से बैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये कहा तो वह बैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अबैध आतिशबाजी विस्फोटक के बारे में पूछने पर बताया कि आतिशबाजी का क्रय विक्रय व भण्डारण का लायसेन्स नहीं है। मौके पर आतिशबाजी विस्फोटक अबैध पाये जाने से समक्ष गवाहान आर. दीपक पचौरी व विजय शर्मा के गोदाम पर रखी आतिशबाजी को जप्त किया गया। अबैध विस्फोटक आतिशबाजी की अनुमानित कीमत करीबन 33000 (एमआरपी के अनुसार) रुपये जिसका भार तौल योग्य नहीं है, जप्त किया गया। वाद वापसी पर सोनू गुप्ता पुत्र सेवाराम गुप्ता उम्र 28 साल निवासी जग्गा चौराहा अम्बाह के विरुद्ध अपराध धारा 286 ताहि विस्फोटक अधिनियम की धारा 5.9(ख) के अंतर्गत दण्डनीय होने से आरोपी सोनू गुप्ता को 41ए जाफौ का नोटिस तामील कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित होने की समद दी गई। पुलिस ने विस्फोटक सामग्री को जप्त किया व अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## वन-टू-वन

### प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल शिकायतों का निराकरण किया जाये ङ्क कलेक्टर'



पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*
9826576206

***टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा***

**भोपाल।** कलेक्ट्रेट के सभागृह कक्ष में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सोमवार को टीएल बैठक में भोपाल जिले के समस्त विभागों के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व और नगर निगम में लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त किया । उन्होंने तीन-चार दिनों के अन्दर प्रकरणों को निपटाने की हिदायत दी । कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल शिकायतों का निराकरण किया जाये। कलेक्टर श्री लवानिया ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को निर्देश दिये कि दिव्यांग व्यक्ति मेरे चेम्बर तक सीधा आ सके, इसके लिए बाधा रहित रास्ते का निर्माण 25 दिसम्बर की समयवाधि में पूर्ण किया जाये । उन्होंने कहा कि रास्ते में दोनों तरफ रेलिंग भी लगाई जाये। जिससे दिव्यांग व्यक्ति को आने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो । कलेक्टर श्री लवानिया ने नगर की स?कों को भी शीघ्र दुरस्त करने के निर्देश भी दिये । बैठक में एडीएम श्रीमती माया अवस्थी ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिये कि पंचायत चुनाव शीघ्र होने की संभावना है। अत- अपने विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का लेटेस्ट डेटा शीघ्र उपलब्ध करायें । बैठक में एडीएम श्री मरावी एवं जिले से संबंधित कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित थे।

### लहार थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया की धमाकेदार कार्यबाही फटाके बनाने बाली फेक्ट्री पकड़ी



**एक लाख के फटाके एवम फटाके बनाने बाला सामान जप्त**

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)** पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में एवम एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया जी ने मुखबिर की सूचना से लहार नगर में लगभग एक लाख के फटाके एवम फटाके बनाने बाली सामग्री जप्त की । जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि लहार में फटाके बनाने बाली फेक्ट्री अबैध रूप से संचालित है मुखबिर की सूचना पर तुरत कार्यबाही करते हुए टीम बनाकर दो घरों में प्रथक प्रथक दबिश दी गयी जिसमे लगभग एक लाख के पटाखे एवम बनाने बाला सामान जप्त किया गया एवम पटाखे बनाने बाले आरोपी मुंताज पुत्र फैजुल्ले खान उम्र 42 बर्ष निबासी वार्ड नम्बर 5 लहार एवम इकबाल पुत्र प्यारे खान उम्र 41 बर्ष निबासी वार्ड नम्बर 9 लहार के विरुद्ध लहार थाने में प्रथक प्रथक धारा 5,9(ख)विस्फोटक अधिनियम व धारा 286 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला बिबेचना में लिया गया लहार पुलिस की इस कार्यबाही में थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक मदन सिंह तोमर,उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह सेंगर,उपनिरीक्षक पूजा सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील शर्मा,आरक्षक अनिल मिश्रा,बिशाल भदौरिया, जयकुमार भारद्वाज, शैलेन्द्र सिंह राजावत,पंकज शर्मा एवम महिला आरक्षक नसरीन बानो की सराहनीय भूमिका रही ।

### मोटरसाइकिल और कार में भिड़ंत दो गंभीर

**कार चालक कार छोड़ भागे**
**मोहन मांझी**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद,** शाम 5-00 बजे के आस पास ग्वालियर की ओर से पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक शिवम तोमर छरेठा और उसका साथी आ रहा था तभी जनपद पंचायत गोहद में



कार्यरत सब इंजीनियर अनिल श्रीवास्तव अपनी कार से ग्वालियर की ओर जा रहे थे कार और मोटरसाइकिल भिड़ंत हो जाने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हैं उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है गोहद चौराहा थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि एक्सीडेंट आमने सामने हुआ है हालांकि दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है कार चालक कार छोड़कर भाग गए हैं जिसकी जांच चल रही है।

# बैंकिंग फेयर एमपीसीसीआई का नोबल प्रयास

**एमएसएमई और बैंक के बीच सेतु के कार्य हेतु एमपीसीसीआई को हेल्पडेस्क प्रारंभ करना चाहिए- डॉ. निशांत जोशी**

**युवाओं के माइग्रेशन को रोकने के लिए बैंकों को स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना चाहिए- श्री अरविन्द अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, एमपीसीसीआई**

**एक दिवसीय बैंकिंग फेयर क्चेम्बर भवनक्क में आयोजित**





**ग्वालियर 25 अक्टूबर ।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा प्रथम बार एक ही स्थान पर सभी बैंकों को शामिल कर, एक दिवसीय बैंकिंग फेयर का आयोजन आज 'चेम्बर भवनक्क में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमपीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष-श्री अरविन्द अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित पूर्व उपाध्यक्ष-राधाकिशन खेतान, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-डॉ. प्रकाश अग्रवाल व बैकों के अधिकारीगण तथा सदस्यगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि एमपीसीसीआई द्वारा पहली बार बैंकिंग फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश?य यह है कि एक ही छत के नीचे सभी बैंकों को एकत्रित किया जाये क्योंकि वर्तमान में बैंकों में कॉम्पटीशन की भावना जाग्रत हुई है। इससे हमारे सदस्य व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को इसका लाभ मिले। हम आशा करते हैं कि हमारा यह प्रयास सफल होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमपीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष-श्री अरविन्द अग्रवाल ने कहा कि बैंकिंग फेयर का आयोजन निश?चित ही पहली बार हुआ है, इससे पूर्व केवल एक बैंक ही हमारे यहां आकर अपनी योजनाओं का प्रचार करती रही हैं। वर्तमान में बैंकों में ब्याज दर कम होती जा रही है, अब ट्रेडिंग को भी एमएसएमई में शामिल कर लिया गया है। एमपीसीसीआई यूथ माइग्रेशन को ग्वालियर में रोकने के लिए आंत्रप्रेन्योर डेवलपमेंट सेल (श्वष्ठष्ट) के माध्यम से कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि हमारे युवाओं को ग्वालियर में ही अपने उद्यम स्थापित करने का अवसर मिले। कई ऐसे युवा होते हैं जिनके पास कोई बैकग्राउण्ड नहीं होता है और वह कुछ नया करना चाहते हैं। इसलिए आवश?यक है कि बैंकों को पहल करके स्टार्टअप को प्रमोट करना चाहिए। यह हमारा नैतिक कर्तव्य भी होना चाहिए। बैंकों और एमपीसीसीआई की यह जिम्मेदारी है कि स्टार्टअप को प्रमोट किया जाए, ताकि ग्वालियर में नवीन उद्यम और कारोबार का विकास हो सके। कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा तथा आभार कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

बैंकिंग फेयर के अंतर्गत व्यापार-उद्योग के विकास में बैंकों की भूमिका, समस्या एवं निदान विषय पर दोपहर 1 बजे से परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निशांत जोशी, डायरेक्टर, प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड-श्री सुनील पागे, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रबंधक-श्री अमरीक सिंह, आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक-श्री हेमंत मामोरिया, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सर्किल हेड-श्री चंदन के. वर्मा, नागरिक सहकारी बैंक के चैयरमेन-श्री विनोद सूरी एवं लक्ष्मीबाई महिला नागरिक सहकारी बैंक की चैयरमेन-श्रीमती अलका श्रीवास्तव उपस्थित रहे। परिचर्चा में पधारे हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन देते हुए एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहा कि व्यापार-उद्योग का विकास एवं इसमें आ रही कठिनाईयों को दूर करना ही एमपीसीसीआई का उद्देश?य रहा है और यह कार्य 115 वर्षों से संस्था द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# भारत में बहुसंख्यक आयोग का गठन हो जिसमें हिंदू सिख बौद्ध जैन को शामिल किया जाए - संजीव सिंह

**पुष्पांजली टुडे**



वंदेमातरम सेना के संस्थापक और अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आज कहा की भारत में बदलते हुए परिस्थिति को देखते हुए देश को ताकतवर बनाने के लिए बहुसंख्यक आयोग का गठन केन्द्र और राज्य स्तर पर अति आवश्यक हो गया है। भारत के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय और देशी गठजोड़ वाले साजिश के तहत विभाजित एवं मजहबी गुलाम बनाने के विचार के तहत बहुत बड़े पैमाने पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह सारा खेल तमाशा भारत में धर्मनिरपेक्षता एवं जहरीले जातिवाद के पर्दे तले आयोजित किया जा रहा है। इस भारत विनाशक अभियान में बाहरी देशों के कई नेता राजनयिक मजहबी संगठन के साथ आतंकवादी मिशनरी नक्सली संगठन और वहां की बड़ी बड़ी मिडिया हाउस भी शामिल हैं। वहीं भारत के अंदर राष्ट्रवाद सनातन और विकास विरोधी तमाम भाषावादी जातिवादी क्षेत्रवादी परिवारवादी राजनीतिक दलों के साथ सभी जहरीले सेकुलरिज्म एवं सामाजिक विकास एवं एकता विरोधी जातिवादी संगठन , भारत विनाशक वामपंथी विचारधारा के सभी मिडिया हाउस, तमाम वामपंथी इतिहासकार बुद्धिजीवी कलाकार आदि भी शामिल हैं। ऐसे हालात में अगर भारत को नया समाजिक एवं कानूनी मजबूत सुरक्षा कवच नहीं दिया गया तो भारत वर्ष 2040 तक मुस्लिम राष्ट्र में परिणत हो सकता है। इससे बचने एवं ताकतवर राष्ट ?बनकर भारत को आगे आने के लिए अपने सभी राष्ट्रवादी समाज संस्कृति और विकासवादी वर्ग को एकजुट करने के लिए केन्द्र सरकार अविलंब देश में बहुसंख्यक आयोग का गठन किया जाना चाहिए। जिसमें भारतीय राष्ट्रवाद को और मजबूत करने के लिए देशभर के सभी अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग (दलित आदिवासी आयोग) अति पिछड़ा वर्ग आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, जहां जहां सवर्ण आयोग है उन सभी आयोग को एक ही जगह बहुसंख्यक आयोग में शामिल करना चाहिए। साथ ही अल्पसंख्यक आयोग से सिख समुदाय बौद्ध जैन को निकाल कर बहुसंख्यक आयोग में ही एकजुट करने की सख्त जरूरत है। इसके बाद पुरे बहुसंख्यक समाज को एक ही प्रकार के कानून और योजनाएं शिक्षा स्वास्थ्य स्वरोजगार रोजगार आवास वित्त समाजिक सुरक्षा गरीबी उन्मूलन आदि के क्षेत्र में दिए जाने की सख्त जरूरत है। ताकि भारतीय राष्ट्रवाद को मजबूत करने में कोई जातिवादी समाजिक कानूनी भेदभाव ना रहे। जो योजनाएं देश के दलितों को मिल रही है।

# छत्रसाल महाविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने का चलाया महा अभियान



**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** छत्रसाल महाविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग ना करने का चलाया महा अभियान शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एवं मध्यप्रदेश शासन की विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के संदर्भ में महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें संपूर्ण परिसर में पालीथीन बोतल प्लास्टिक के गिलास विभिन्न प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर उसे नगर परिषद पिछोर से कचरे वाली गाड़ी में छात्रों द्वारा डाला गया तथा इस अवसर पर छात्रों ने शपथ ली कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल में नहीं लाएंगे यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर केशव सिंह जाटव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमल किशोर जी यादव ने आयोजित किया इस अवसर पर महाविद्यालय के 70 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में सहभागी बने तत्पश्चात महाविद्यालय कक्ष क्रमांक 25 में सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण को दुष्प्रभाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर अक्षय कुमार जैन उपस्थित थे।



### जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष ने किया किसानों को निशुल्क बीज वितरित

**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से इलाके में सरसों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सरसों का बीज नि-शुल्क वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर ने आज किसानों को निःशुल्क का सरसों का बीज वितरित किया जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर ने बताया कि इलाके में सरसों की बिजाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को सरसों की खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सरसों का बीज वितरित किया जा रहा है। राम सिंह ने बताया कि सरसों के रेट में बढ़ोतरी को लेकर भी किसानों का रुझान सरसों की खेती की ओर बढ़ा है। इसी के चलते किसानों को निशुल्क बीज वितरित किया जा रहा है।

# विधानसभा अध्यक्ष की जनसंपर्क साइकिल यात्रा का दूसरे दिन ग्रामवासियों ने किया अभूतपूर्व स्वागत

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*
9826576206





**रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम की सात दिवसीय जनसंपर्क साइकिल यात्रा के दूसरे दिन झलवार, तमरी, रजिगवां, गौरी, खैर, कनकेसरा, पिपराही/बड़ी हर्दी मोड़ एवं फरहदा के ग्रामवासियों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। श्री गौतम पहले दिन की साइकिल यात्रा विश्राम स्थल रमपुरवा से दूसरे दिन आज 25 अक्टूबर को प्रात- रवाना होकर देर शाम फरहदा पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणजनों से संवाद कर रात्रि विश्राम किया।

विधानसभा अध्यक्ष अपनी सात दिवसीय साइकिल यात्रा के दौरान लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे। साइकिल यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थलों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि आमजनता से जीवंत संपर्क करने तथा समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से साइकिल यात्रा की जा रही है। आमजनता की कठिनाइयों को दूर करने तथा विकास का लाभ दिलाने के लिये मैं कृत संकल्पित हूं।

श्री गौतम ने कहा कि शासन स्तर से हितग्राहीमूलक व जनोपयोगी विकास के कार्य कराकर देवतालाब विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाया जायेगा और यह विधानसभा प्रदेश का नं. एक विधानसभा क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि रीवा जिले में 800 ग्रामों में ग्रामीण नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने की योजना में से 242 ग्राम देवतालाब के हैं जहां के प्रत्येक 43246 घरों में पानी पहुंचेगा इस योजना में 104 रूपये लगेंगे। श्री गौतम ने कहा कि देवतालाब क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य प्रारंभ है। सीतापुर फरहदा से ढ़ेरा मार्ग 14 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा साथ ही छपरा से अर्जुनकहुआ, सीतापुर से गढ़वा तथा सीतापुर से बदवार मार्ग का भी कार्य प्राथमिकता से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि देवतालाब क्षेत्र की जनता के सहयोग से उन्हें जो दायित्व मिला है उसका यह पूरा कर्ज चुकायेंगे तथा क्षेत्र में जनकल्याणकारी व हितग्राहीमूलक कार्यों को प्राथमिकता से कराया जायेगा।

# बाल भिक्षावृत्ति से बच्चों को मुक्त कराने का प्रयास कर रहे : सूबेदार बोहरे

**सुरजीत सिंह राजावत**
**पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** कहने को तो बहुत सारी सामाजिक संस्थाएं एवं एनजीओ बाल भिक्षावृत्ति को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु उनके सकारात्मक कार्य धरातल पर स्पष्ट रुप से दिखाई दे नहीं रहे हैं। चलिए आज हम आपको एक ऐसे शख्स से रूबरू कराते हैं जो पिछले 5 वर्षों से बाल भिक्षावृत्ति को अपना उद्देश्य बनाकर कार्य कर रहे हैं एवं दिनोंदिन उसमें कई सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं सूबेदार अक्षुण्ण बोहरे की, जिन्होंने वर्ष 2016 से बाल भिक्षावृत्ति कर रहे 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल भिक्षावृत्ति से दूर करने के लिए उन्हें किताबें थमाने के जो प्रयत्न किए हैं वह बहुत ही काबिले तारीफ हैं। सूबेदार बोहरे द्वारा जिला ग्वालियर, जिला शिवपुरी जिला दतिया के विभिन्न शहरों एवं कस्बों में अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त समय में बाल भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों के अभिभावकों से चर्चा कर भिक्षा जैसी सामाजिक बुराई को ना कराने हेतु समझाइश दी गई साथ ही आश्वासन दिया गया कि वह अपने बच्चों से भीख न मंगवाए और उन्हें स्कूल भेजें। इस कार्य के लिए बोहरे द्वारा उन्हें यथासंभव मदद दी जा रही है, जैसे किसी बच्चे को अगर स्कूल की फीस की आवश्यकता है तो उसे फीस उपलब्ध कराई जा रही है, किसी को ट्यूशन फीस की आवश्यकता है तो उसे ट्यूशन फीस उपलब्ध कराई जा रही है किसी को पढ़ने के लिए किताब कॉपी या अन्य आवश्यकता को यथासंभव उनके द्वारा पूरा किया जा रहा है।

### सैकड़ों बच्चों को भेज चुके हैं स्कूल

सूबेदार बोहरे द्वारा अपनी टीम के अन्य सदस्यों के साथ मंदिरों पर, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर भीख मांग रहे बच्चों को पकड़ कर उनके अभिभावकों के पास ले जाकर उनसे चर्चा कर उन्हें बाल भिक्षावृत्ति जैसे सामाजिक अपराधों से दूर रखने के लिए समझाया जाता है और बच्चों से भिक्षावृत्ति ना कराए जाने हेतु अनुरोध किया जाता है। साथ ही सूबेदार बोहरे के कहने से उनके अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में भेज रहे हैं। इस तरीके से सार्थक परिणाम हमें देखने को मिल रहे हैं।

### कानून का दिखाते हैं भय

जो अभिभावक समझाईस के बाद भी अपने बच्चों को भीख मांगने पर मजबूर करते हैं और इस सामाजिक बुराई को बढ़ावा देते हैं उन्हें सूबेदार बोहरे द्वारा कानून का भय दिखाया जाता है और निर्देशित किया जाता है कि अगर वह अपने बच्चों से बाल भिक्षावृत्ति जैसा कार्य कराएंगे तो उन्हें कानूनन कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### सैकड़ों बच्चे थाम चुके हैं किताबें

सूबेदार बोहरे द्वारा किए गए प्रयास आज रंग लाना शुरू हो चुके हैं, जो बच्चे कुछ महीने पहले मंदिर, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर भीख मांगते दिखाई देते थे। आज वह बच्चे स्कूल जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, इससे स्पष्ट है कि बोहरे द्वारा किए गए प्रयास समाज में एक आशा की नई किरण भर रहे हैं।

## नैनो न्यूज

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दोपहिया वाहन से क्षेत्र में भ्रमण कर सुनी आमजन की समस्यायें



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज सोमवार को अलग ही अंदाज में क्षेत्र के भ्रमण के लिए निकले। उन्होंने सुबह-सुबह स्कूटी से क्षेत्र के कई वार्डों का भ्रमण किया तथा आमजन की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से उक्त समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में पैदल चलकर आमजन की समस्यायें सुनी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सबसे पहले वार्ड क्रमांक 7, 8 ,9 के लूटपुरा, रानीपुरा क्षेत्र में सीवर, जल आपूर्ति से सम्बंधित व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर, मौके पर ही सीवर चैम्बर खुलवाकर देखे तथा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सीवर चौक होने की आये दिन समस्या है, इसके लिए प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर सीवर व पानी की समस्या का अवलोकन करें व क्षेत्रीय आमजन से भी सम्पर्क करें जिससे उनके मन में निगम के प्रति अच्छी छवि बने। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय 3 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देते हुए कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय पर आने वाले आवेदनों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

### महिला बंदी की बच्ची की मृत्यु की न्यायिक जाँच के लिए साक्ष्य माँगे

**ग्वालियर।** केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहीं विचाराधीन महिला बंदी गोमती की बच्ची कृतिका की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच की जा रही है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री महेन्द्र सैनी के न्यायालय द्वारा यह जाँच की जा रही है। इस संबंध में 22 नवम्बर तक साक्ष्य माँगे गए हैं। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रही विचाराधीन महिला बंदी गोमती पत्नी केस बुंदेला की डेढ़ वर्षीय बच्ची कृतिका की गत 16 अक्टूबर 2021 को रात्रि 11 बजे मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 22 नवम्बर 2021 तक प्रातः 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री महेन्द्र सैनी के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।

### वाटर कैनन मशीन से शहर के प्रमुख मार्गों पर किया गया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**ग्वालियर।** शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है तथा वर्तमान में बारिश के मौसम में में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत निगम के अमले द्वारा आज दिनांक 25 अक्टूबर को बहोड़ापुर चौराहे के मेन रोड़, आदर्श मिल रोड़, ए.बी. रोड़ रामा जी का पुरा से लेकर आरआर टावर के मेन रोड़ पर डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए सुपर फॉगिंग मशीन द्वारा दवा का छिडकाव किया गया।

## हॉकी का वैभव फिर से कायम करने के लिए सरकार प्रयासरत: मंत्री यशोधरा राजे

### खेल व युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे ने खेल परिसर में किया वातानुकूलित छात्रावास और नवीन हॉकी पवेलियन का भूमिपूजन

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश की हॉकी का वैभव फिर से कायम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें जुटाई जा रही हैं। साथ ही हॉकी में रूचि रखने वाले बच्चों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। यह बात प्रदेश की खेल व युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कही। श्रीमती यशोधरा राजे ने सोमवार को यहाँ कम्पू स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में वातानुकूलित छात्रावास और नवीन हॉकी पवेलियन के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, खेल और युवा कल्याण विभाग के संचालक रवि कुमार गुप्ता तथा जिला खेल अधिकारी जोसेफ बक्सला सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षणरत बालिकायें मौजूद थीं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में लगभग 8 करोड़ 2 लाख रूपए की लागत से प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं के लिये वातानुकूलित छात्रावास का निर्माण होने जा रहा है। अस्सी बैड के इस छात्रावास में वार्डन व कॉमन रूम सहित कुल 40 कक्ष बनाए जायेंगे। इसी तरह लगभग 99 लाख 35 हजार रूपए की लागत से अत्याधुनिक हॉकी पवेलियन का निर्माण होगा। इन दोनों कार्यों को मूर्तरूप देने के लिए मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने भूमिपूजन व पट्टिका का अनावरण किया।





## किसान के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला

**ग्वालियर।** खेत की रखवाली के लिए सो रहे किसान पर एक नकाबपोश बदमाश ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी किसान के सिर में लगी और वह लहूलुहान हो गया। हमलावर उसे मरा समझकर भाग गया। सिर में लगी कुल्हाड़ी के साथ ही घायल खेत से निकलकर आधा किलोमीटर दूर तक भागता हुआ आया और पुलिस तक खबर दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया है। घायल के सिर में गंभीर घाव हैं, लेकिन उसकी जान बच गई है। घटना रविवार-सोमवार दरमियानी रात हस्तिनापुर के चक बुंधारा गांव की है। पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यह नहीं समझ पा रही है कि किसान पर हमला किसने और क्यों किया है।



हस्तिनापुर के चक बुंधारा निवासी फेरन सिंह कुशवाह (42) पुत्र रामेश्वर सिंह कुशवाह किसान है। रविवार रात 9 बजे वह अपने खेत की रखवाली करने के लिए गया था। रात 11 बजे तक रखवाली करने के बाद वह खेत में बने मचान पर कुछ देर आराम करने के लिए लेट गया। रात करीब डेढ़ बजे नकाबपोश बदमाश आया और कुल्हाड़ी उसके सिर में मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। हमला करने के बाद हमलावर किसान को मृत समझकर वहां से भाग गया। घायल फेरन सिंह सिर में कुल्हाड़ी लगने के बाद भी खेत से आधा किलोमीटर दूर तक भाग कर आया और राहगीर की मदद से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया है। ग्वालियर ट्रॉमा सेंटर में उसे भर्ती किया गया है। फिलहाल हालत गंभीर है, लेकिन जान बच गई है। यदि किसान भागकर बाहर तक नहीं आता तो उसकी जान भी जा सकती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**हमला क्यों और किसने किया:** पुलिस ने जब घायल के परिजन से बात की तो उन्होंने किसी से भी दुश्मनी नहीं होने की बात कही है। घायल ने भी बताया है कि हमलावर नकाबपोश था। उसका कोई विवाद ही नहीं है। पुलिस को यही समझ नहीं आ रहा है कि उस पर हमला किसने किया है और क्यों किया है।

**चोरी के प्रयास में हमला का भी संदेह:** पुलिस को एक यह भी आशंका है कि कोई ऐसा विवाद है जिसे फेरन सिंह बता नहीं पा रहा है। उसकी रंजिश पर यह हमला किया गया है। या फिर यह चोरी का मामला दर्ज। खेत में पंप या अन्य सामान चोरी करने के लिए बदमाश घुसा। फेरन को देखकर कुल्हाड़ी मार दी। पर इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है। पुलिस रंजिश के एंगल पर ही जांच कर रही है।

### कंपनी कमांडर के बगले सहित तीन मकानों से लाखों का माल चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन मकानों के ताले चटकाकर नगदी गहने सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार कंपू थाना क्षेत्र के 14 वीं बटालियन के बंगला नंबर 5 मे रहने वाले कंपनी कमांडर धीरज लाल शाह मुरैना में पदस्थ है। बीते रोज चोरों ने उनके बंगले के ताले चटका दिए और 20 हजार की नगदी तथा गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। वहीं गिरवाई थाना क्षेत्र के महेशपुरा निवासी अतर सिंह भदौरिया के सूने मकान के ताले चटकाकर चोर 8 हजार की नगदी तथा सोने चांदी के गहने समेट ले गए। एक अन्य जानकारी के अनुसार विवि थाने के न्यू दर्पण कॉलोनी निवासी अमित शर्मा की पत्नी निकिता घर का ताला लगाकर पास में रहने वाले अपने माता पिता के यहां गई थी तभी चोरों ने उनके मकान पर धावा बोल दिया।

### नगर निगम ने घर-घर जाकर उठाया गोबर

**ग्वालियर।** पशु डेयरी संचालकों द्वारा सडक या नाली में फेंके गए गोबर से होने वाली गंदगी व सीवर चौक की समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आज से घर-घर जाकर गोबर संग्रहण करना प्रारंभ कर दिया है। इससे जहां विभिन्न समस्याओं से निजात मिलेगी वहीं आम नागरिक भी स्वच्छता के प्रति जागरुक होगें और स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में भी नगर निगम ग्वालियर को सहयोग मिलेगा। नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में घरों से निकलने वाले कचरे को घर-घर से संग्रहित कराया जाता है तथा सडकों से भी कचरा नियमित रुप से उठवाया जाता है, लेकिन गोबर के ढेर शहर की स्वच्छता के लिए रुकावट साबित हो रहे थे। शहर में पशु डेयरी संचालित करने वाले डेयरी संचालक उनके यहां से निकलने वाले गोबर को या तो सडक किनारे लगा देते है।

## लखीमपुरी खीरी से मृत किसानों की अस्थियां पहुंची ग्वालियर, चंबल में चार दिन अस्थि कलश लेकर निकालेंगे यात्रा



**ग्वालियर।** लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन कर लौट रहे किसानों पर भाजपा नेता व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के बेटे ने गाड़ी चढ़ा दी थी। जिसके बाद काफी हंगामा हुआ था। अब मृत किसानों की अस्थियां ग्वालियर पहुंच गई है। यहां अखिल भारतीय किसान सभा ने स्टेशन पर अस्थियों की आगवानी की है। अब चार दिन ग्वालियर-चंबल संभाग और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के गढ़ में किसान आंदोलन कर कलश यात्रा निकालेंगे।

यात्रा के दौरान यहां के किसानों को केन्द्र सरकार की काली किसान नीतियों, कानून के बारे बताकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही केन्द्र सरकार को उखाड़ फेंकने की बात भी कही जाएगी। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने कहा है कि जब तक यह कानून वापस नहीं होता और किसान विरोधी केन्द्र सरकार को उखाड़कर नहीं फेंक देते किसान चुपचाप नहीं बैठेंगे। लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे द्वारा किसान आंदोलन से वापस लौट रहे किसानों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। जिसमें पांच किसानों की दर्दनाक मौत हुई थी। इस घटना के बाद लखीमपुरी खीरी सहित पूरे देश में किसानों ने प्रदर्शन किया था। मृत किसानों को शहीद का दर्जा दिया गया था। इन पांचों किसानों के अंतिम संस्कार करने के बाद अस्थियों को गंगा में विसर्जित नहीं किया गया है। इनके अस्थि कलश बनाकर पूरे देश में केंद्र सरकार की काली कृषि नीतियों के खिलाफ रखा जा रहा है। इसी क्रम में रविवार रात को अस्थि कलश को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह तेलंगाना एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुचे, स्टेशन पर अस्थि कलश को किसान आंदोलन के नेताओ ने ग्रहण किया एवं इसे किसान सभा के नई सड़क स्थित जिला कार्यालय पर सम्मानपूर्वक रखा गया है। अब 26 अक्टूबर से अस्थि कलश यात्रा ग्वालियर-चंबल अंचल में निकाली जाएगी। स्थि कलश लेने पहुचें किसान नेताओं में अखिलेश यादव, तलविंदर सिंह, पीपी शर्मा, रामबाबु जाटव, जसविंदर सिंह, नाहर सिंह, गुरदीप सिंह, शिवचरण पटेल, राजेन्द्र सविता, सिध्देश्वर शर्मा, वकील सिंह लोधी, रूप सिंह कुशवाह, कश्मीर सिंह, बीपी गणक, बीरबल सिंह चेन, अवतार सिंह, गोपी, मातादीन धनावत, आदि शामिल थे।

## सरिता के हौंसलों को मिली उडान 'खुशियों की दास्तां'

### हर जरुरतमंद की मदद को हैं तत्पर सरिता त्यागी

**ग्वालियर।** दृष्टिहीन सरिता त्यागी अपने हौंसले, कुछ कर गुजरने के जज्बे के कारण अब किसी पर बोझ नहीं हैं, वह स्वयं तो आत्म निर्भर हैं ही, दूसरे जरुरतमंद की मदद करने के लिए भी तत्पर हैं। सरिता का कहना है कि उनके मन में भी हमेशा से यही चाह रही है कि दूसरे बच्चों की तरह वह भी अपने माता-पिता का सहारा बनें और अपने परिवार को आर्थिक रुप से सहयोग करें। अब उनका यह सपना सच हो गया है। सरिता त्यागी अब नवोदय विद्यालय दतिया में संगीत की शिक्षक हैं तथा उनके मन में दूसरे दृष्टिहीन व दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का जज्बा भरा हुआ है। ग्वालियर के आत्म ज्योति दृष्टिहीन आवासीय कन्या विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाली



सरिता त्यागी ने बताया कि लोग जब भी हमारी तरह दृष्टिहीन या दिव्यांग बच्चों को देखते हैं तो यही कहते हैं कि यह तो बेचारे कमजोर हैं, जीवन में क्या कर पाएंगे। हमें लोगों की यही सोच बदलनी है। सरिता ने बताया कि मेरे परिवार में माता-पिता एवं मेरी दो बहने व एक भाई हैं, अब मैं विवाहित हूं और मेरे पति का भी मुझे बहुत सहयोग मिलता है। मुझे आत्मनिर्भर बनाने में मेरे परिवार के साथ ही आत्म ज्योति दृष्टिहीन आवासीय कन्या विद्यालय के शिक्षकों का बहुत सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि यह नौकरी मेरे लिए, आत्मसम्मान के लिए बहुत मायने रखती है। अब मैं उन लोगों को जबाव दे सकती हूं जो कि यह सोचते हैं कि दृष्टिहीन लडकी क्या करेगी। सरिता त्यागी का दृष्टिहीन व दिव्यांग बच्चों व युवाओं से कहना है कि हमें अपना विश्वास कमजोर नहीं होने देना है तथा प्रत्येक लक्ष्य को चैलेन्ज के रुप में स्वीकार कर उसे प्राप्त करने में लग जाना है तो फिर कोई भी कारण नहीं कि हम अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो पाएं। उनका कहना है कि यदि कोई दृष्टिहीन बच्चा संगीत के क्षेत्र में या अन्य किसी विषय में शिक्षा लेना चाहता है तो वह शिक्षा देने के लिए तैयार हैं तथा वह उस बच्चे की पढने में आर्थिक मदद भी कर सकतीं हैं।

## पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं: गृह मंत्री डॉ मिश्र

**ग्वालियर।** प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र रविवार को तानसेन रेसीडेंसी में एक पुस्तक के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने श्री परवेज़ खान द्वारा लिखित पुस्तक ÷यूरोप और खाड़ी के देश÷ का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किताबों से अच्छा कोई मित्र नहीं होता। पर इसके लिए जरूरी है कि पढ़ने योग्य लिखा जाय और लिखने योग्य काम किया जाए। परवेज खान जी ने एक ज्ञानवर्धक पुस्तक लिखकर इन दोनों बात का सार्थक किया है। मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी परवेज खान द्वारा लिखी गई ÷यूरोप और खाड़ी के देश÷ पुस्तक में दो ऐतिहासिक सभ्यताओं की दास्तां को बखूबी ढ़ंग से रेखांकित किया गया है। विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रोफेसर डॉ. एस के द्विवेदी ने की। इस अवसर पर इतिहाविद् एवं लेखक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय और वरिष्ठ पत्रकार व कवि डॉ. राकेश पाठक बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। गृह मंत्री डॉ मिश्र ने इस अवसर पर पाश्चात्य एवं भारतीय संस्कृति के बीच अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति एक दूसरे के प्रति समर्पण, सहयोग सेवाभाव एवं प्रेम की पक्षधर है। करवा चौथ का व्रत इसका उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन अतुल अजनबी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी,डॉ केशव पांडेय व के के खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक, साहित्य प्रेमी और लेखक के परिजन मौजूद थे।



## प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या: बच्चों को बाहर भेज गला दबा कर मारा, रात भर शव के साथ लेटी रही

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 11 साल के पति-पत्नी के रिश्ते पर प्रेमी के प्यार का एक साल भारी पड़ गया। 29 साल की महिला ने अपने 20 साल के प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। महिला ने पहले ही प्रेमी से कह दिया था कुछ भी हो इस बार इसके लिए करवा चौथ का व्रत नहीं रखना है। पति की हत्या करने के बाद 24 घंटे उसकी लाश को घर में ऐसे रखा जैसे वह जिंदा है।

दो बच्चों को बताया गया कि उनके पिता सो रहे हैं। पत्नी, पति की लाश के पास ही बिस्तर लगाकर सोती भी रही। अगले दिन की रात 11 बजे प्रेमी, उसके दोस्त की मदद से 4 किलोमीटर दूर नहर में शव को फिंकवाया है। घटनाक्रम 4 सितंबर रात चीनोर के देवरी कला



गांव का है। 6 सितंबर को युवक का शव नहर में मिला। शिनाख्त 20 दिन बाद हुई। अब हत्या 52 दिन बाद और करवाचौथ के एक दिन बाद पूरी हत्या का खुलासा पुलिस ने कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**नहर में उतराता मिला था शव:** चीनोर थाना पुलिस को पुरानी नहर में 6 सितंबर की सुबह एक युवक का शव उतराता मिला था। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पड़ताल शुरू की। मृतक के दोनों हाथों पर टैटू बने हुए थे। वह काले रंग का पेंट और लाल बेल्ट लगाए था। ऊपर के शरीर पर कपड़े नहीं थे। प्रारंभिक तौर पर उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जब शव का पोस्टमार्टम कराया गया तो एक अलग ही कहानी निकलकर आई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया कि नहर में डूबने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। गला दबाने से मौत होना बताया गया। इसके बाद चीनोर पुलिस ने मर्ग कायम कर पड़ताल शुरू की। करीब 20 दिन बाद मृतक की शिनाख्त देवरी कला गांव निवासी 30 वर्षीय परीक्षित सिंह रावत पुत्र पोषण सिंह रावत के रूप में हुई। पता लगा कि बेलगढ़ा थाना में उसकी पत्नी बसंती देवी रावत ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। इसके बाद जब पड़ताल की गई तो पुलिस को कई ऐसे सुराग मिले जिसके बाद पुलिस ने इस हत्या का खुलासा किया। परीक्षित की हत्या उसकी पत्नी बसंती, बसंती के प्रेमी मनीष रावत व प्रेमी के दोस्त रविन्द्र ने की थी।



**प्रेमी से कहा पति के लिए नहीं रखना करवाचौथ:** परीक्षित रावत (30) और बसंती (29) की शादी 11 साल पहले हुई थी। दोनों के एक 7 साल की बेटी व एक 5 साल का बेटा है। पति नशे का आदी थी। मजदूरी करता था। उसकी रोज-रोज की मारपीट से बसंती परेशान हो चुकी थी। इसी बीच, एक साल पहले उसकी नजर गांव के ही 20 वर्षीय द्वुझद्व के छात्र मनीष रावत से लड़ गई। दोनों के बीच पहले इशारे हुए फिर प्यार हो गया। पति की गैर हाजिरी में महिला के साथ उससे 9 साल छोटा प्रेमी मिलने आने लगा। जिस समय वह आता था, बच्चों को घर के बाहर खेलने भेज दिया जाता था, जबकि महिला को उसका पति काफी परेशान करता था।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478